दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



गुड हैबिट्स से करो दोस्ती .....

अब तो चश्मा लगेगा .....

वर्ष : 12 अंक : 101 लखनऊ, 04 अप्रैल, शनिवार 2026 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### लखनऊ में पकड़े गए 4 संदिग्ध आतंकी

लखनऊ। यूपी एटीएस ने पाकिस्तान हैंडलर और कट्टरपंथी ग्रुपों के निर्देश पर देश में आगजनी, तोड़फोड़ और आतंक फैलाने की साजिश रचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया।



गैंग टेलीग्राम, सिग्नल और इंस्टाग्राम के माध्यम से पाकिस्तानी हैंडलर्स से लगातार संपर्क में था। गिरोह का मुख्य आरोपी साकिब उर्फ डेविल (मेरठ) था। वह अपने 3 साथियों के साथ देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहा था।

### पाक में गाय-भैंस पालने पर लगेगा गोबर टैक्स

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पंजाब राज्य में गाय और भैंस पालने पर अब 'टैक्स' लगाने की तैयारी हो रही है।



मरियम नवाज की सरकार हर गाय और भैंस पर रोजाना 30 पाकिस्तानी रुपए फीस देने का नियम बना सकती है। सरकार इस कदम को ग्रीन एनर्जी के रूप में पेश कर रही है। यह योजना 'सुथरा पंजाब' बायोगैस प्रोग्राम का हिस्सा बताई जा रही है। यह दिसंबर 2024 में पंजाब राज्य में शुरू किया गया।

### म्यांमार में आर्मी चीफ मिन आंग बने राष्ट्रपति

नेप्यीडॉ। म्यांमार में सेना प्रमुख मिन आंग ह्लाइंग को राष्ट्रपति चुन लिया गया है। संसद में हुए वोट में उन्हें जीत मिली।



इससे 2021 में तख्तापलट के बाद देश पर उनकी पकड़ और मजबूत हो गई है। 69 साल के ह्लाइंग 2011 से म्यांमार की सेना के प्रमुख रहे हैं। उन्होंने 2021 में आंग सान सूची की सरकार को हटाकर सत्ता पर कब्जा कर लिया था।

### नौसेना में शामिल हुए आईएनएस तारागिरी और आईएनएस अरिदमन

# राजनाथ सिंह बोले- हम एक जिम्मेदार समुद्री शक्ति, भारत की नौसेनिक ताकत में इजाफा

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

भारत की समुद्री सुरक्षा को अभेद्य बनाने की दिशा में शुक्रवार को एक नया अध्याय जुड़ गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विशाखापट्टनम स्थित नेवल डॉकयार्ड में स्वदेशी अत्याधुनिक स्टील्थ फ्रिगेट तारागिरी और आईएनएस अरिदमन को नौसेना में शामिल कराया। इस समारोह में सीडीएस जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी समेत अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारी शामिल हुए।

इस दौरान रक्षा मंत्री ने कहा कि आईएनएस तारागिरी के जलावतरण से भारत की नौसेना की ताकत और बढ़ी है। यह ब्रह्मोस और सुपरसोनिक मिसाइल से लैस है। इतिहास हमें बताता है कि कोई भी देश बिना अपनी नौसैनिक ताकत को मजबूत किए शक्तिशाली नहीं माना जा सकता है।



राजनाथ सिंह



आईएनएस तारागिरी

### समुद्र से रिश्ता और मजबूत हुआ

रक्षा मंत्री ने कहा कि ये शहर अपने आप में भारत की समुद्री शक्ति का साक्षी रहा है, इसलिए विशाखापट्टनम से आईएनएस तारागिरी कमीशनिंग अपने आप में एक बहुत ही महत्वपूर्ण पल है। हमारी सांस्कृतिक विरासत से लेकर आज की रणनीतिक वास्तविकताओं ने समुद्र में हमेशा भारत की दिशा तय की है। भारत का हमेशा से ही समुद्र के साथ अनोखा संबंध रहा है और समय के साथ समुद्र से हमारा रिश्ता और भी मजबूत होता गया है।

### ऊर्जा सुरक्षा भी समुद्र पर निर्भर

*रक्षा मंत्री ने कहा कि 11,000 किमी से अधिक लंबी तटरेखा वाला हमारा देश, जो तीन तरफ से समुद्र से घिरा है, समुद्र से अलग अपने विकास की कल्पना नहीं कर सकता। हमारे लगभग 95 प्रतिशत व्यापार समुद्री मार्गों से होता है। हमारी ऊर्जा सुरक्षा भी समुद्र पर निर्भर करती है। ऐसे में यह स्पष्ट है कि एक मजबूत और सक्षम नौसेना हमारे लिए केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि एक आवश्यकता है।*

'शब्द नहीं शक्ति है- अरिदमन...'

### भारतीय नौसेना को मिल गई तीसरी परमाणु पनडुब्बी



आईएनएस अरिदमन

भारतीय नौसेना ने शुक्रवार को परमाणु शक्ति से चलने वाली पनडुब्बी आईएनएस अरिदमन को अपने बेड़े में शामिल कर लिया है। इस पनडुब्बी के नौसेना में शामिल होने के बाद भारत का न्यूक्लियर ट्रायड और भी ज्यादा मजबूत हो गया है। शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईएनएस अरिदमन के नौसेना में शामिल होने के बारे में इशारों में जानकारी दी थी। राजनाथ सिंह ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर लिखा था, 'शब्द नहीं शक्ति है, 'अरिदमन'! आईएनएस अरिदमन भारत की एसएसबीएन परियोजना के तहत नौसेना को मिलने वाली तीसरी स्वदेशी परमाणु पनडुब्बी है। इस ताकत से लैस पहली पनडुब्बी आईएनएस अरिहंत है और दूसरी आईएनएस अरिघात है। बता दें, भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों की सूची लिस्ट में शामिल है, जिनके पास परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियां हैं।

### अमेरिकी कंपनी पर सख्त एचएएल

## तेजस एमके1ए के इंजन देरी के लिए जीई एयरोस्पेस पर जुर्माना लगाएगी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस पर सख्त रुख अपनाते हुए तेजस एमके1ए लड़ाकू विमान के इंजन आपूर्ति में देरी के लिए जुर्माना लगाने का फैसला किया है। एचएएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. डीके सुनील ने स्पष्ट रूप से कहा कि अमेरिकी कंपनी को एफ404-आईएन20 इंजन समय पर नहीं देने के कारण लिक्विडेटेड डैमेजेस यानी जुर्माना लगाया जाएगा। यह फैसला इसलिए लिया गया है क्योंकि तेजस एमके1ए प्रोजेक्ट इंजन की कमी से दो साल से ज्यादा समय से अटका है। भारतीय वायुसेना नए विमानों का इंतजार कर रही है, लेकिन इंजन न मिलने से डिलीवरी रुकी हुई है। जीई एयरोस्पेस के साथ 99 एफ404 इंजनों का अनुबंध हस्ताक्षर हुआ था। इन इंजनों को तेजस एमके1ए के लिए इस्तेमाल किया जाना है। कंपनी को 2024 से डिलीवरी शुरू करनी थी। हर साल 20 से ज्यादा इंजन देने थे। लेकिन अब तक सिर्फ 6 इंजन ही मिले हैं। बाकी इंजनों की डिलीवरी में भारी देरी हो रही है।



तेजस लड़ाकू विमान

*प्रोजेक्ट दो साल से अटका हुआ*

*20 इंजन देने से मिले सिर्फ 6 ही*

### जल्द ही तय होगी प्रति इंजन पेनाल्टी

*जीई एयरोस्पेस ने कहा है कि उसे सप्लाई चेन में दिक्कत आ रही है, लेकिन एचएएल ने इसे मानने से इनकार कर दिया है। भारत की ओर से कई बार बातचीत की गई कि डिलीवरी तेज की जाए, लेकिन जीई एयरोस्पेस इस पर अमल नहीं कर पाई। अब एचएएल हर देरी वाले इंजन पर पेनाल्टी लगाएगा। एचएएल के सीएमडी ने बताया कि कॉन्ट्रैक्ट में देरी के लिए लिक्विडेटेड डैमेजेस का साफ क्लॉज है।*

### गांदरबल एनकाउंटर पर उठे सवाल

## एलजी ने दिया आदेश- 7 दिन में मजिस्ट्रियल जांच कर 'रिपोर्ट' दें

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले के अरहामा इलाके में बुधवार की सुबह सेना ने एक ऑपरेशन चलाया। सेना का कहना था कि उन्हें खुफिया जानकारी मिली थी कि इस इलाके में एक स्थानीय आतंकी छुपा हुआ है। ऑपरेशन के बाद सेना ने ऐलान किया कि एक आतंकी मारा गया। लेकिन जब यह पता चला कि गांदरबल के लार गांव का रहने वाला 29 साल का रशीद अहमद मुगल मारा गया है तो प्रदेश के सीएम उमर अब्दुल्ला और पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने इस एनकाउंटर यानि सेना के ऑपरेशन पर सवाल उठाए। सीएम ने जांच



की मांग की थी और पीडीपी चीफ ने इसका समर्थन किया था। अब एलजी मनोज सिन्हा ने मामले में मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं और सात दिनों के भीतर रिपोर्ट पेश करने को कहा है। बता दें, रशीद अहमद ने बीए तक पढ़ाई की थी। अपने गांव में ही कंप्यूटर ऑपरेटर का काम करता था और घर-परिवार का खर्च चलाने के लिए मजदूरी भी करता था।

### शांति रक्षक दल ने अफ्रीकी देश में दूर किया संकट

## यूएन ने भारतीय सैनिकों को सराहा, कहा- आम लोगों को मिलेगी बड़ी राहत

### सूडान में भारत के 1,779 जवान शांति मिशन में तैनात

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

संयुक्त राष्ट्र ने दक्षिण सूडान में तैनात भारतीय शांति सैनिकों के प्रयासों की सराहना की है। इन सैनिकों ने पिछले साल बाढ़ से प्रभावित एक महत्वपूर्ण आपूर्ति मार्ग को फिर से खोला है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि स्थानीय समुदायों की मदद करने में शांति मिशनों की भूमिका बहुत अहम है। महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने न्यूयॉर्क में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दक्षिण सूडान के मुश्किल समय में एक उम्मीद जगाने वाली खबर है। अपर नाइल राज्य में भारतीय इंजीनियरिंग यूनिट के सैनिकों ने मालाकाल-रेंक मुख्य आपूर्ति मार्ग के एक बड़े हिस्से को सफलतापूर्वक चालू कर दिया है। यह रास्ता पिछले साल आई बाढ़ के बाद से पूरी तरह बंद था।



स्टीफन दुजारिक



दक्षिण सूडान के गीगर में भारत ने चिकित्सा शिविर लगाया

### मानवीय सहायता पहुंचाना बहुत आसान हो जाएगा

दुजारिक ने कहा कि भारतीय शांति सैनिकों ने बाढ़ के पानी के बीच से जमीन को फिर से निकाला और सड़क का नया ढांचा तैयार किया। अब अकोका-किलो 20-पालोइच-रेंक के रास्ते एक नया मार्ग बन गया है। इससे इलाके में लोगों का आना-जाना सुरक्षित होगा। साथ ही, इस रास्ते से जरूरतमंद लोगों तक खाना और दवाइयां जैसी मानवीय सहायता पहुंचाना बहुत आसान हो जाएगा।

### कमजोर नागरिकों तक पहुंचाई मदद

*दुजारिक ने कहा कि भारतीय सैनिकों की यह कोशिश दिखाती है कि शांति मिशन किस तरह स्थिरता बनाए रखने में मदद करते हैं। वे सबसे कठिन वातावरण में भी कमजोर नागरिकों तक जरूरी मदद पहुंचाने का काम कर रहे हैं। मिशन ने बताया कि नया रास्ता बनने से क्षेत्र में गतिशीलता बढ़ेगी।*

### 13.5 लाख लोग बाढ़ की चपेट में

*बता दें, जनवरी 2026 तक, भारत सूडान में सबसे अधिक सैनिक भेजने वाला देश था, जिसके 1,779 जवान इस शांति मिशन में तैनात थे। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल दक्षिण सूडान में हालात बहुत खराब थे। 8 राज्यों में करीब 13.5 लाख लोग बाढ़ की चपेट में आए थे। इस आपदा की वजह से लगभग 3 लाख 75 हजार 600 लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा था। ऐसे में इस मुख्य रास्ते का खुलना वहां के लोगों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है।*

### भाजपा ने असम चुनाव फतह करने के लिए झोंकी पूरी ताकत, तीन शीर्ष नेता पहुंचे

# शाह ने राज्य से घुसपैठ की समस्या खत्म करने यूसीसी लाने का किया वादा, इसे देश और राज्य के लिए बताया हितकर, योगी ने भी ललकारा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) के लागू होने से कथित घुसपैठियों की बढ़ती आबादी पर रोक लगेगी और वे 4 शादियां भी नहीं कर पाएंगे। शाह ने असम के गोलपाड़ा जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार राज्य से घुसपैठ की समस्या खत्म करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सरकार जनजातीय विकास के लिए एक ठोस रोडमैप पर काम कर रही है। दुधनोई में चुनावी रैली में गृह मंत्री शाह ने कहा कि यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होने के बाद घुसपैठियों के लिए चार शादियां करना संभव नहीं रहेगा, साथ ही उन्होंने दावा किया कि यूसीसी से जनसंख्या असंतुलन की समस्या को भी नियंत्रित किया जा सकेगा। शाह ने कहा कि यह कदम देश और राज्य दोनों के हित में है।

शाह ने असम के गोलपाड़ा जिले में चुनावी रैली में कहा- बढ़ती आबादी पर लगेगी रोक और 4 शादियां भी नहीं कर सकेंगे लोग

### शाह ने गोलपाड़ा जिले में की चुनावी रैली



जनसभा को संबोधित करते केंद्रीय गृहमंत्री शाह

### यूसीसी के दायरे से बाहर रहेंगे

शाह ने यह भी साफ किया कि जनजातीय क्षेत्रों को यूनिफॉर्म सिविल कोड के दायरे से बाहर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा जनजातीय समाज की परंपराओं और अधिकारों का सम्मान करती है। पार्टी का उद्देश्य विकास के साथ सामाजिक संतुलन बनाना है।

### जनजातीय विकास के लिए रोडमैप तैयार

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मिलकर जनजातीय विकास के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार किया है। इस योजना को तभी लागू किया जा सकेगा, जब राज्य में भाजपा की सरकार दोबारा बने। शाह ने मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील करते हुए कहा कि इससे विकास की योजनाएं आगे बढ़ेंगी।

### हेलिकॉप्टर में आई तकनीकी खराबी, धुबरी रैली को रद्द किया

शाह के हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी के कारण असम के धुबरी जिले के गोलकगंज में शुक्रवार को होने वाली पहली चुनावी रैली रद्द कर दी गई। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। शाह गुवाहाटी से गोलकगंज के लिए रवाना हुए थे लेकिन उनका हेलीकॉप्टर उतर नहीं सका, जिसके कारण रैली रद्द कर दी गई।

### यूसीसी पर कांग्रेस फैला रही अफवाह

शाह ने कहा कि कांग्रेस आदिवासियों को डराने के लिए अफवाहें फैला रही है कि वे यूसीसी से प्रभावित होंगे। लेकिन यह बिल्कुल झूठ है और कोई भी आदिवासी इसके दायरे में नहीं आएगा। प्रधानमंत्री ने संस्कृति को बचाया।

### कांग्रेस ने असम को घुसपैठियों का अड्डा बनाया

शाह ने कहा कि घुसपैठियों ने आदिवासी महिलाओं से शादी करके गारो परिषद में सत्ता हथियाने की कोशिश की और इसी वजह से यह संघर्ष शुरू हुआ। शाह ने कांग्रेस पर असम को घुसपैठियों का 'अड्डा' बनाने का आरोप लगाया। भाजपा ने उन्हें भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### असम में गरजे मुख्यमंत्री योगी



### लव जिहाद और लैंड जिहाद की धरती नहीं बनने देंगे

बारपेटा । उत्तर प्रदेश के सीएम योगी ने असम के बारपेटा में जनसभा से चुनावी रण की हुंकार भरी। असम को लव जिहाद और लैंड जिहाद की

### तमिलनाडु चुनाव

### 27 भाजपा प्रत्याशियों की सूची जारी, पूर्व राज्यपाल भी शामिल



चेन्नई। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने शुक्रवार को 27 उम्मीदवारों को सूची जारी की। पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन को टिकट दिया है। डॉ. एल मुरुगन को भाजपा ने टिकट दिया है। पर, अन्नामलाई का नाम शामिल नहीं है।

### तमिलनाडु का सियासी रण

### कांग्रेस ने जारी की 27 नामों की सूची प्रदेश अध्यक्ष श्रीपेरंबुदूर मैदान में



चेन्नई। तमिलनाडु चुनाव में कांग्रेस ने भी सूबे में अपने 27 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में सबसे बड़ा नाम तमिलनाडु प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के सेल्वपेरुन्थागाई का है।

पुडुचेरी पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

### लंबे रोड शो में लोगों का उत्साह दिखा



पुडुचेरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यहां चुनाव से पहले शहर में रोडशो शुरू किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने 'भारत माता की जय' और 'जय श्री राम' के नारे लगाकर उनका जोरदार स्वागत किया।मुख्यमंत्री एन. रंगासामी और गृह मंत्री ए. नमसिवायम के साथ प्रधानमंत्री ने अजंता सिग्नल पॉइंट के पास अपने रोडशो की शुरुआत की, जो 2 किलोमीटर से कुछ कम दूरी पर स्थित कामराजर स्टैच्यू/राजा थिएटर सिग्नल के पास समाप्त हुआ।

भाजपा अध्यक्ष नितिन ने कहा

### कांग्रेस शासन में घुसपैठियों ने जमीनें लूटी



कामरूप। यहांभाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि भाजपा असम के हक की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के समय घुसपैठियों ने लोगों की जमीनें लूट ली थीं। हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार ने उन जमीनों को वापस दिलाने का बड़ा काम किया है।

केरल पर केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा

### कांग्रेस, लेफ्ट ने लोगों को बेवकूफ और मुस्लिमों को वोट बैंक बनाया



केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने शुक्रवार को सीपीआईएम के नेतृत्व वाले एलडीएफ और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ दोनों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने जोर देकर कहा कि पहली बार, कांग्रेस और कम्युनिस्ट, दोनों ही आम लोगों के सामने बेनकाब हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन पार्टियों ने राज्य के लोगों को बेवकूफ बनाया। भाजपा और एनडीए ने केरल के भविष्य के लिए एक स्पष्ट नीति पेश की है। कांग्रेस और कम्युनिस्ट, विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम के बारे में जनता को गुमराह कर रहे हैं।

### ममता का भाजपा पर आरोप

### मालदा में हाल ही में हुई घटना एक सोची समझी साजिश थी



कोलकाता। मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। मालदा में हाल ही में हुई घटना एक सुनियोजित साजिश थी।

### हिंसा रोकने ईसी का कदम

### केंद्रीय पुलिस बल की 500 कंपनियां रहेंगी तैनात




बंगाल में चुनाव आयोग ने बड़ा फैसला लिया है। वोटिंग पूरी होने के बाद भी कानून और व्यवस्था बनाने 500 कंपनियां लगाई है।

## रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट ,रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट मामले में पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिजनौर के रहीमाबाद निवासी सरविन्द पुत्र श्रीनारायन के मुताबिक उसका गांव के कुछ लोगों से रास्ते को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। आरोप है कि 26 मार्च की शाम करीब 4 बजे उसके न्यू रहीमाबाद स्थित प्लॉट पर विपक्षीगण सार्वजनिक रास्ते को बंद करने के उद्देश्य से अवैध निर्माण कर रहे थे।इसकी सूचना मिलने पर सरविन्द के भाई कृष्ण कुमार ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का विरोध किया तो दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि विपक्षियों ने लाठी-डंडे, लोहे की रॉड आदि से कृष्ण कुमार पर हमला कर दिया। जिससे कृष्ण कुमार चोटिल हो गए। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी ।फिलहाल पुलिस ने पीड़ित सरविंद की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## गाली गलौज का विरोध करने पर युवक पर चाकू से हमला

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में गुरुवार रात एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।सरोजनी नगर के अमौसी स्थित हड़ाइनखेड़ा निवासी विनोद के मुताबिक उनका बेटा पवन (20) गुरुवार रात करीब 10:30 बजे अमौसी बाजार स्थित एक पान की दुकान पर सामान लेने गया था।आरोप है कि यहीं के गंगानगर निवासी दुकान संचालक चन्द्रभान उर्फ कल्लू ने किसी बात को लेकर पवन से गाली-गलौज शुरू कर दी।विरोध करने पर आरोपी ने दुकान से चाकू निकाल कर पवन के ऊपर हमला कर दिया ।विनोद का कहना है कि पवन के सीने में चाकू लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

## चलती लाइन में लकड़ी डालकर चोरों ने उड़ाई फ्यूज पेटी


घटना स्थल का निरीक्षण करती पुलिस

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बीती रात मलिहाबाद क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने विद्युत उपकेंद्र से जुड़े कस्बा निवासी सुनील कुमार के प्लॉट में रखे 250 केवीए ट्रांसफार्मर को निशाना बनाते हुए चलती लाइन में लकड़ी डालकर उसकी फ्यूज पेटी चोरी कर ली।घटना के बाद पूरे इलाके की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली गुल होने की सूचना मिलते ही विद्युत विभाग के अवर अभियंता राजकुमार द्विवेदी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान पाया गया कि ट्रांसफार्मर में लगी फ्यूज पेटी गायब है।इसके बाद विभाग की ओर से तत्काल मलिहाबाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी इसी ट्रांसफार्मर से फ्यूज, तेल और तांबा चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इस संबंध में अतिरिक्त इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि ट्रांसफार्मर से फ्यूज पेटी चोरी होने की सूचना मिली है। मौके का निरीक्षण कर लिया गया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों की तलाश की जा रही है।

## कलेक्ट्रेट परिसर में मलिहाबाद बार एसोसिएशन के शाखा कार्यालय का भव्य उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ।जिलाधिकारी कार्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में लखनऊ बार एसोसिएशन द्वारा अधिवक्ताओं के लिए निर्मित चैम्बर्स में मलिहाबाद बार एसोसिएशन के लिए एक आधुनिक व सुसज्जित चैम्बर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर लखनऊ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश तिवारी एवं महामंत्री ब्रजभान सिंह 'भानू' ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शाखा कार्यालय का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष रमेश तिवारी व महामंत्री ब्रजभान सिंह 'भानू' ने मलिहाबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सम्राट सिंह एवं महामंत्री के.के. गौतम को चैम्बर की चाबी सौंपते हुए उनका स्वागत माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर किया। इस पहल को अधिवक्ताओं के हित में एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए उपस्थित वकीलों ने लखनऊ बार एसोसिएशन की सराहना की। महामंत्री ब्रजभान सिंह 'भानू' ने बताया कि लखनऊ से लगभग 20 किलोमीटर दूरी पर स्थित तहसीलों के बार एसोसिएशनों को निःशुल्क चैम्बर उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने इसे पूरे देश में अपनी तरह की पहली पहल बताते हुए कहा कि इससे अधिवक्ताओं के बीच एकजुटता और कार्य में निरंतरता बनी रहेगी। मलिहाबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सम्राट सिंह एवं महामंत्री के.के. गौतम ने लखनऊ बार एसोसिएशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग सदैव याद रखा जाएगा। इस अवसर पर शशेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व महामंत्री रामभरोसे रावत, पूर्व महामंत्री राम सिंह यादव, जितेंद्र कुमार, शेर बहादुर 'शेरू', अजय यादव, अभिनेष यादव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता मिला मजदूर का शव

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।बिजनौर थाना क्षेत्र में गुरुवार देर शाम एक मजदूर युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक गुरुवार देर शाम राहगीरों ने पुराना गुड़ौरा जाने वाले रास्ते के पास जंगल में बबूल के पेड़ से नायलॉन की रस्सी के सहारे एक युवक का शव लटका देख इसकी सूचना दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। तलाशी के दौरान मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें आत्महत्या करने की बात लिखी थी और दो मोबाइल नंबर दर्ज थे। पुलिस ने फोन मिलाया, लेकिन नंबरों पर संपर्क नहीं हो सका। बाद में एक नंबर पर बात होने पर युवक की पहचान छत्तीसगढ़ निवासी 23 वर्षीय प्रकाश के रूप में हुई। उसके बड़े भाई आकाश ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर शव की पहचान की।उसने बताया कि प्रकाश बिजनौर कस्बे में उसके साथ किराए पर रहकर मजदूरी करता था और माता-पिता की मौत के बाद मानसिक रूप से परेशान रहता था। वहीं पुलिस का कहना है कि उसने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।शुरूआती जांच में मां-बाप की मौत से परेशान होकर आत्महत्या करने की बात पता चली है।फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के स्पष्ट कारणों का पता चल सकेगा।

## वृंदावन में पुलिस का सख्त एक्शन काली फिल्म उतरवाई, चालान काटे, अवैध ठेलों पर कार्रवाई के निर्देश



अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई क्षेत्र के वृंदावन में शुक्रवार को पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए सघन अभियान चलाया। एडीसीपी साउथ रल्ला पल्ली वसंथ कुमार के नेतृत्व में पहले वृंदावन गेट पर भारी पुलिस बल के साथ वाहनों की चेकिंग की गई, इसके बाद टीम ने वृंदावन पुलिस चौकी क्षेत्र में भी अभियान चलाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अभियान के दौरान सड़क किनारे अव्यवस्थित तरीके से लग रहे बाजार को लेकर एडीसीपी ने नाराजगी जताई।उन्होंने चौकी इंचार्ज को निर्देश दिए कि अवैध ठेलों को तत्काल हटाया जाए और सड़क पर गलत तरीके से खड़े वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। चेकिंग के दौरान कई वाहनों पर लगी काली फिल्म मौके पर ही उतरवाई गई। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान भी काटे गए। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया और कई लोगों ने खुद ही अपने वाहन हटाने शुरू कर दिए।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने और क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी लगातार जारी

## मरम्मत कार्य के चलते मंगलवार तक बंद रहेगा मलिहाबाद रेलवे फाटक

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। उत्तर रेलवे के मंडल प्रबंधक कार्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार मलिहाबाद अमानीगंज रेलवे फाटक 233/ एस पी एल जो माल रोड से लखनऊझहरदोई रोड को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग पर स्थित है, आगामी तीन दिनों के लिए बंद रहेगा। रेलवे विभाग ने बताया कि इस समपार पर आवश्यक मरम्मत कार्य निर्धारित किया गया है, जिसके चलते 4 अप्रैल शनिवार सुबह 8 बजे से 7 अप्रैल मंगलवार शाम 6 बजे तक सड़क यातायात पूरी तरह प्रभावित रहेगा।

इस संबंध में रेलवे सीनियर सेक्शन इंजीनियर जितेंद्र सिंह ने पत्र जारी कर उपजिलाधिकारी मलिहाबाद को औपचारिक सूचना भेज दी है, ताकि वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। अधिकारियों ने बताया कि बंद अवधि के दौरान छोटे तथा हल्के वाहन हरदोई लखनऊ राजमार्ग से होते हुए महमूद नगर और मुजासा रेलवे फाटक से समपार संख्या 232/सी और 231/सी के माध्यम से यातायात आगे भेजा जाएगा। भारी वाहनों के लिए प्रतिबंध रहेगा और उन्हें संडीला और काकोरी फाटक का उपयोग करने की सलाह दी गई है।

रेलवे क्रॉसिंग 233 के तीन दिन बंद रहने से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों सहित लखनऊझहरदोई मार्ग पर आवागमन करने वाले लोगों को काफी असुविधा झेलनी पड़ेगी। स्थानीय निवासियों और दैनिक यात्रियों का कहना है कि कामकाजी लोगों, छात्रों और आपूर्ति वाहनों की आवाजाही पर इसका सीधा असर पड़ेगा। हालांकि रेलवे प्रशासन का कहना है कि मरम्मत पूर्ण होने के बाद फाटक का संचालन अधिक सुचारु व सुरक्षित होगा।

## पी सी एस में चयनित होने पर पूर्व सांसद रीना चौधरी ने अपने समर्थकों के साथ घर पहुंच कर किया सम्मान



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मेहनत लगन संघर्ष कभी व्यर्थ नहीं जाता है इसका शानदार परिणाम क्षेत्र का गौरव बेटी मीनू रावत पुत्री प्रेम कुमार रावत ग्राम सैदपुर पुरही ब्लॉक सरोजिनी नगर जनपद लखनऊ का यू पी पी सी एस में असिस्टेंट कमिश्नर पद पर चयन होने से प्रत्यक्ष दिखाई पड़ रहा है। पूर्व सांसद रीना चौधरी अपनी टीम के साथ पहुंच कर बिटिया को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया !इस गौरवशाली अवसर पर विनोद मौर्य, प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनहित महासभा भाजपा नेता सुभाष पासी , ज्ञानेंद्र सिंह चौहान सहकोषाध्यक्ष लखनऊ भाजपा , माखन सिंह चौहान , दिलीप रावत सदस्य क्षेत्र पंचायत , राम किशोर कश्यप , रामबाबू रावत , मुकेश सिंह चौहान , रक्षापाल सिंह , वीर कांत रावत , सर्वेश कुशवाहा आदि ने बिटिया को बुके एवं मेमेंटो भेंट कर स्वागत सम्मान किया !

## श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ, निकली भव्य कलश यात्रा

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** हरिश्चंद्र वंशीय समाज महिला समिति 'सुहासिनी' के तत्वावधान में शुक्रवार से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ राजाबाजार स्थित 'गीता भवन' में हुआ। कथा की शुरूआत से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई।

कलश यात्रा का प्रारंभ रस्तोगी टोला, राजाबाजार स्थित प्राचीन बिहारी जी मंदिर से हुआ, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए कथा स्थल 'गीता भवन' पहुंचकर संपन्न हुई।कलश यात्रा में बड़ी संख्या में पीत वस्त्र धारण किए हुए महिलाएं सिर पर मंगल कलश लिए चल रही थीं। भांगड़ा और ढोल-नगाड़ों की थाप पर थिरकती महिलाएं और हवा में गूंजते प्रभु के जयकारों ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया। संस्था की अध्यक्ष श्रीमती रागिनी रस्तोगी ने बताया कि यह दिव्य कथा आज से शुरू होकर आगामी 9 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 3:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक चलेगी।कथा का रसपान कराने के लिए लखनऊ के सुप्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य उमेश कुमार मिश्रा जी पधारे हैं, जो अपने मुखारविंद से भक्तों को भागवत मर्म समझाएंगे।कलश यात्रा के बाद विधि-विधान से पूजन-अर्चन और दीप प्रज्वलन कर कथा का विधिवत शुभारंभ किया गया। कथा में प्रथम दिन भागवत के महत्व की महिमा का गुणगान किया।इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक क्षमा रस्तोगी, कलश यात्रा में हरजीवन रस्तोगी, संजीव रस्तोगी दुगावा, लोकेश रस्तोगी, सुमित रस्तोगी, प्रमोद मुदित मौजूद रहे।

## लखनऊ की पूजा गर्ग बनीं फिक्की फ्लो की 43वीं राष्ट्रीय अध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन गर्व के साथ घोषणा करता है कि लखनऊ की पूजा गर्ग ने 2026-27 के लिए फ्लो की 43वीं राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। आज जोपलिंग रोड स्थित होटल फार्च्यून में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि उनके एक वर्षीय कार्यकाल में महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करेंगी। जिसके लिए वे एक सक्षम वातावरण तैयार करेंगी।जो उद्यमिता, उद्योग में भागीदारी और महिलाओं के आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है। उनके नेतृत्व में, भारत की औद्योगिक और आर्थिक विकास गाथा में महिलाओं के बड़े योगदान को प्रोत्साहित करने के लिए कई पहल करेगा। नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष पूजा गर्ग ने कहा, जब मैं पूरे भारत की इस असाधारण महिला समूह का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी ले रही हूं, तो मेरा दृष्टिकोण स्पष्ट और गहराई से प्रतिबद्ध है: भीतर को मजबूत करना और इसके प्रभाव को व्यापक स्तर पर बढ़ाना। उन्होंने कहा, केवल एक नेटवर्क नहीं है; यह नेतृत्व, उद्यमिता, सहयोग और सार्थक प्रभाव पर आधारित एक सशक्त संस्था है।यह भारत के आर्थिक और सामाजिक भविष्य को आकार देने वाली महिलाओं की सामूहिक शक्ति का प्रतिनिधित्व करता है।मेरी प्रतिबद्धता है कि विभिन्न क्षेत्रों, क्षेत्रों और पीढ़ियों की महिलाओं के लिए सबसे विश्वसनीय और प्रभावशाली मंच बने।पूजा गर्ग ने कहा, हमारी पहल स्थिरता, नवाचार, उद्यमिता, कौशल विकास और नेतृत्व पर आधारित रहेंगी, जिन्हें दीर्घकालिक और मापनीय परिवर्तन की दृष्टि से निर्देशित किया जाएगा।जैसे-जैसे भारत विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की ओर अग्रसर है, महिलाएं इस यात्रा का केंद्रीय हिस्सा होंगी।एफएलओ को केवल इन चचाओं में भाग नहीं लेना चाहिए; हमें इन्हें आकार देने में भी भूमिका निभानी चाहिए।फ्लो लखनऊ चैप्टर ने अपनी कार्यकारी समिति की भी घोषणा की, जिसका नेतृत्व नई चेयरपर्सन सिमरन साहनी कर रही हैं।

## कलाकार मिलन समारोह में गूंजी गजलें और गीत



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।विश्व हिंदी रंगमंच दिवस पर कलाकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की ओर से 33वां कलाकार मिलन समारोह राय उमनाथ बली प्रेक्षागृह में मनाया गया। कार्यक्रम में शहर के प्रमुख कलाकारों, साहित्यकारों और कला प्रेमियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे पूरा सभागार खचाखच भरा नजर आया।समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

गायक मिथिलेश लखनवी ने अपनी सुरीली आवाज से श्रोताओं का दिल जीत लिया, वहीं प्रदीप अली की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में जोश भर दिया। गायिका स्तुति अवस्थी ने अपनी भावपूर्ण गायिकी से माहौल को संगीतमय बना दिया, जिस पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं।इस अवसर पर संस्था के सचिव विनोद मिश्र एडवोकेट ने कहा कि कला और संस्कृति समाज की आत्मा होती है और इन्हीं के माध्यम से हमारी परंपराएं और संस्कार आगे बढ़ते हैं।उन्होंने कहा कि आज के समय में रंगमंच और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देना बेहद जरूरी है, ताकि नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ी रह सके।उन्होंने यह भी कहा कि कलाकार समाज का दर्पण होता है, जो अपनी कला के माध्यम से समाज की सच्चाई को प्रस्तुत करता है।समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कलाकारों को सम्मानित भी किया गया।आयोजन समिति के अध्यक्ष संगम बहुगुणा, उपाध्यक्ष नवीन श्रीवास्तव और राजेश जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति कार्यक्रम में रही।इस मौके पर वरिष्ठ रंगकर्मी मुकेश वर्मा, ज्ञानेश्वर मिश्रा ज्ञानी, अशोक सिन्हा, शैलेश श्रीवास्तव, अजय द्विवेदी, योगेंद्र जोशी, नवल शुक्ला और प्रदीप श्रीवास्तव एडवोकेट समेत अन्य मौजूद रहे।

## एक एंग्री ओल्ड मैन की जबरदस्त कहानी है 'सूबेदार'

अमन लेखनी समाचार




- कलाकार- अनिल कपूर, राधिका मदान, आदित्य रावल, सौरभ शुक्ला,फैसल मलिक, मोना सिंह
- निर्देशन- सुरेश त्रिवेणी

**रेटिंग-3.5/5**

**लखनऊ।** अस्सी-नब्बे के दशक में बॉलीवुड में अन्याय और भ्रष्ट सिस्टम के खिलाफ आवाज उठाने, गरीबों के हक में लड़ने वाले और एक ही समय में दस-बीस गुंडों को ढेर करने वाले हीरोज का बोलबाला था। एंग्री यंग मैन वाला नायक मेनस्ट्रीम सिनेमा में खूब पॉपुलर हुआ और उसका दौर काफी लंबा भी चला। निर्देशक सुरेश त्रिवेणी की 'सूबेदार' उसी तेवर की फिल्म है। बस फर्क सिर्फ इतना है कि यहां 'सूबेदार' के रूप में एक एंग्री ओल्ड मैन है और मानना पड़ेगा कि अनिल कपूर जैसे काबिल अभिनेता ने अपने स्टाइल, स्वैग, आक्रोश और हीरोइज्म से इसे यादगार बनाया है।

कहानी रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर सूबेदार अर्जुन मौर्य (अनिल कपूर) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो वर्षों की सेवा के बाद अपनी बिखरी जिंदगी समेटने के लिए मध्य प्रदेश के एक अंदरूनी कस्बे में अपने घर लौटता है। उसकी कॉलेज जाने वाली बेटी श्यामा (राधिका मदान) अभी तक अपनी मां (खुशबू) की एक्सीडेंट में हुई मौत के सदमे से उबर नहीं पाई है। अर्जुन का दोस्त प्रभाकर (सौरभ शुक्ला), जो एक सुरक्षा एजेंसी चलाता है, उसे बॉडीगार्ड की नौकरी दिलाने के लिए इलाके के दबंग सॉफ्टी (फैसल मलिक) और प्रिंस भैया (आदित्य रावल) के पास ले जाता है। ये दोनों स्थानीय रेत माफिया से जुड़े हैं और पूरे इलाके में इनका आतंक है।इस नेटवर्क की असली सरगना बबली दीदी (मोना सिंह) है, जो दो हत्याओं के मामले में जेल में बंद होने के बावजूद वहीं से पूरे अवैध कारोबार को नियंत्रित कर रही है।

अर्जुन जल्द ही समझ जाता है कि इलाके में फैली अराजकता और सिस्टम की बदहाली के पीछे इस माफिया का भी बहुत बड़ा हाथ है। आम लोग इनके आतंक के साये में जीने को मजबूर हैं। उधर श्यामा भी अपने कॉलेज में गुंडागर्दी का सामना कर रही है।कहानी तब निर्णायक मोड़ लेती है, जब बिगड़ैल प्रिंस मस्ती में अर्जुन की जिप्सी कार को नुकसान पहुंचाता है और उस पर मूत्र कर देता है। यह वही जिप्सी है, जो उसकी पत्नी ने अपनी वर्षों की मेहनत की कमाई से खरीदी थी।यह अपमान अर्जुन को भीतर तक झकझोर देता है और वह रेत माफिया के इन दरिंदो के खिलाफ खुली जंग छेड़ देता है।

निर्देशक सुरेश त्रिवेणी ने अपनी फिल्म में उन तमाम मसालों का इस्तेमाल किया है, जिसके लिए मेनस्ट्रीम सिनेमा जाना जाता है, पर दिलचस्प बात ये है कि उन्होंने इसे एक नए अंदाज में पेश किया है। हालांकि, समस्या वन लाइनर कहानी की है, जिसे ढाई घंटे की फिल्म का रूप दे दिया गया है।फिल्म का नायक अपने लिए लड़ता है, मगर वह लोकनायक के रूप में उतनी मजबूती से उभर कर सामने नहीं आ पाता। हालांकि, पिता-पुत्री के बीच के रिश्ते को निर्देशक ने काफी बारीकी से दशार्या है। फिल्म का फर्स्ट हाफ तेज-तर्रार है, मगर सेकंड हाफ में कहानी बिखर जाती है, जब श्यामा का ट्रैक मेन ट्रैक से जुड़ जाता है।दो गुटों के बीच की भयानक शह और मात पूरी फिल्म में टेंशन को बनाए रखने में कामयाब रहती है। निर्देशक ने छोटे कस्बे की धूल-धक्कड़ और बेतरतीबी को विश्वसनीय अंदाज में फिल्माया है। तकनीकी दृष्टि से फिल्म बहुत ही स्टाइलिश है।

सिनेमेटोग्राफर अजय सक्सेना के टॉप एंगल से लिए हुए शॉट कमाल के हैं। 'लल्ला' और 'बलम सूबेदार' जैसे गाने फिल्म के कोर को बनाए रखते हैं। बैकग्राउंड स्कोर तनाव को कम नहीं होने देता। फिल्म के मिजाज के हिसाब से क्लाइमैक्स थोड़ा और ड्रैमेटिक हो सकता था। अंत में फिल्म सीक्वल का इशारा भी करती नजर आती है।

## संक्षेप

### पुरानी रंजिश को लेकर युवक को मारी गोली हालत गंभीर

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र गांव मुनऊखेड़ा मे पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद के बाद गोली चलने से एक युवक घायल हो गया। जिसे प्राथमिक के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बिहार थाना क्षेत्र के गांव मुनऊखेड़ा मे गुरुवार रात करीब आठ बजे विवेक उर्फ बेटू पुत्र नरेन्द्र सिंह अपने दरवाजे पर खड़े थे। तभी गांव के ही अर्पित सिंह पुत्र शिव बहादुर सिंह अपने साथी पंकज पुत्र सन्तोष के साथ घर की तरफ से जा रहे थे। विवेक को दरवाजे पर खड़ा देख अर्पित ने विवेक से पुरानी रंजिश को लेकर कहा सुनी के बाद विवाद हो गया। विवाद बढने पर अर्पित ने अवैध तमन्चे फायर कर दिया। फायरिंग से अक्षय प्रताप 15 पुत्र अखिलेश सिंह के बेटे को गोली लग गई। गोली लगने से अक्षय घायल हो गया। फायरिंग करने के बाद अर्पित अपने दोस्त पंकज के साथ भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अक्षय को इलाज हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद ले गयी। जहां डाक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मुनऊखेड़ा निवासी अर्पित और विवेक उर्फ बेटू से दो दिन पूर्व गाड़ी ओवर टेक करने को लेकर विवाद हुआ था। जिसको लेकर दोनो मे गुरुवार की रात हुए विवाद मे अर्पित ने गोली चला दी जिससे विवेक बाल बाल बच गया। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि विवेक सिंह की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। विवाद मे हुई हवाई फायरिंग मे एक युवक को गोली लगी है। नामजद अभियुक्त पंकज पुत्र संतोष को गिरफ्तार कर लिया गया है। दूसरे अभियुक्त अर्पित की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

### दोस्तों के साथ गंगा स्नान करने आया युवक गहरे पानी में डूबा तलाश जारी

सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के बक्सर स्थित मां चंडिका देवी दरबार में दोस्तो के साथ गंगा स्नान करने आया युवक गंगा में नहाते समय गहरा पानी होने के चलते डूब गया सूचना पर पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से डूबे युवक की खोजबीन शुरू करा दी है इंदिरा नगर लखनऊ निवासी आदित्य नारायण 46 वर्ष पुत्र सूर्यनारायण पालीमेड प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ में नौकरी करते हैं। साथ में नौकरी करने वाले दोस्त नीलेश, शुभम शुक्ला, आशीष अवस्थी के साथ चार पहिया वाहन से शुक्रवार सुबह 11:00 बजे बक्सर स्थित मां चंडिका देवी दरबार में गंगा स्नान करने आए थे। आश्रम के पास बने हनुमान मंदिर के पीछे स्नान करने लगे अचानक आदित्य नारायण गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा अन्य दोस्तों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज बक्सर राजेंद्र कुमार मिश्रा ने स्थानीय गोताखोरों को बुलाकर डूबे युवक की तलाश शुरू कराई लेकिन शाम तक युवक का पता नहीं लग सका। सूचना मिलते ही मौके पर एसडीम रणवीर सिंह , सी ओ मधुप नाथ मिश्रा, एस ओ धर्मेंद्र नाथ मिश्रा पहुंचे। एसडीएम रणवीर सिंह ने बताया कि युवक की तलाश कराई जा रही है तथा गंगाघाट से गोताखोरों की टीम को भी बुलाया गया है। डूबे युवक के एक पुत्री स्वाति 17 वर्ष है पत्नी अनुराधा को अभी दोस्तों द्वारा कोई सूचना नहीं दी गई है।

# विद्यालय में स्कूल चलो अभियान तथा वार्षिकोत्सव उड़ान का धूमधाम से हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। नवीन शैक्षणिक सत्र के स्कूल चलो अभियान के प्रथम चरण का शुभारंभ 1 अप्रैल से हो चुका है। ब्लॉक सिकंदरपुर कर्ण के उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरी पीपरखेड़ा, कंपोजिट में शिक्षकों, अभिभावकों द्वारा स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली गई तथा विद्यालय के बच्चों की वर्ष भर की उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए उड़ान वार्षिकोत्सव का आयोजन गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनूप कुमार मिश्रा (सब इंस्पेक्टर एवं पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी), ग्राम प्रधान अनिल कुमार तथा एस एम सी अध्यक्ष विनोद कुमार ने सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कक्षा 7 की रितिका ने अतिथियों के सम्मुख सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। विद्यालय की बच्चियों सरोजिनी, राधिका ने सभी अतिथियों तथा कक्षा 8 के बच्चों का रोली टीका लगाकर कार्यक्रम में स्वागत किया। विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा टन टन घंटी बजी, स्कूल तुमको पुकारे पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों की शाबाशी बटोरी गई। कक्षा 4 के छात्र गगन ने सभी के सम्मुख संस्कृत में गणेश वंदना प्रस्तुत की। नन्हीं सरोजिनी ने दोहे का वाचन किया। कक्षा 8 की पुष्पा ने विद्यालय की विशेषताओं के बारे में सभी अभिभावकों को अंग्रेजी में बताया।

विद्यालय की शिक्षिका डॉ रचना सिंह ने सभी अतिथियों को बताया कि कक्षा 8 की छात्राएं पुष्पा, पायल और अंशिका राष्ट्रीय आविष्कार अभियान प्रतियोगिता की विजेता हैं तथा पुष्पा ने इस वर्ष राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण की है अब उसको एक हजार रुपए प्रतिमाह चार वर्ष तक प्राप्त होगा। इस पर सभी अभिभावकों ने प्रशंसा व्यक्त की। कक्षा 1 से 8 तक प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को कैप्स तथा अतिथियों द्वारा मेडल पहनाए गए। रिपोर्ट कार्ड पाकर सभी बच्चे व उनके अभिभावक बहुत प्रसन्न दिखे। कक्षा 3 के बच्चों ने ₹मत काटो मुझे₹ पर प्रस्तुति देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कक्षा 8 के बच्चों ने कभी अलविदा न कहना पर प्रस्तुति देकर सबको रुला दिया। ऑलराउंडर का पुरस्कार पायल को, डायमंड ऑफ स्कूल का पुरस्कार पुष्पा को, बेस्ट परफॉर्मर का पुरस्कार सविता को, मोस्ट डिस्प्लीन्ड का पुरस्कार अंशराम को प्रदान किया गया तथा सुपर मॉम का अवॉर्ड गुड़िया, राधा, रेखा और सुशीला को मिला। रोज नियमित रूप से समय से बच्चों को विद्यालय छोड़ने के लिए लालता को बेस्ट दादा जी का अवॉर्ड मिला। मुख्य अतिथि अनूप मिश्रा ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की तथा सफल बच्चों को स्वर्णिम भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यालय की बाल संसद को सराहा और उपस्थित अभिभावकों को विद्यालय को निरंतर सहयोग की बात की। ग्राम प्रधान तथा विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष ने विद्यालय स्टाफ की प्रशंसा की। इस अवसर पर इंचार्ज शिक्षिका किरन अग्निहोत्री, सहायक शिक्षिका रेखा सिंह, शोभना मिश्रा, अंकिता अवस्थी, अगम सिंह भदौरिया, अनीता निषाद, कहकशां खातून, रवि द्विवेदी उपस्थित रहे।

# एसएसपी का निरीक्षण: पुलिस लाइन और फायर ट्रेनिंग सेंटर का लिया जायजा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइन उन्नाव एवं फायर ट्रेनिंग सेंटर दोस्तीनगर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों की विभिन्न ड्रिल्स से संबंधित परीक्षाओं का गहन अवलोकन किया और व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता, निष्पक्षता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे आरक्षियों के अनुशासन, प्रदर्शन और प्रशिक्षण स्तर का मूल्यांकन करते हुए संतोष व्यक्त किया, साथ ही सुधार की आवश्यकता वाले बिंदुओं पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। एसएसपी जय प्रकाश सिंह ने परीक्षा से जुड़े अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पूरी परीक्षा प्रक्रिया निर्धारित मानकों के अनुरूप, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराई जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित और सुचारू रूप से संचालित हों, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता की गुंजाइश न रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षणाधीन आरक्षियों को संबोधित करते हुए उन्हें अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एक सशक्त और जिम्मेदार पुलिस बल के निर्माण में प्रशिक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए सभी आरक्षियों को पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहिए। इस अवसर पर पुलिस लाइन और प्रशिक्षण केंद्र के अधिकारी एवं अन्य पुलिसकर्मी भी उपस्थित रहे।

# जय मत दी के जयकारों से लउवा गांव हुआ भाव विभोर

अमन लेखनी समाचार




मौरावा, उन्नाव। क्षेत्र के लउवा के धरती पर 18 वा विशाल जागरण एवं भंडारा का आयोजन हुआ जिसमे लखनऊ के जागरण पार्टी ने माता के भक्तो को भाव विभोर कर दिया लउवा गांव मे जगत जननी माँ दुर्गा का 18वा जगराता बड़े ही धूम धाम से मनाया गया जिसमे लखनऊ के हिमांशु झांकी ग्रुप द्वारा भजन सुनाकर भक्तो को भक्ति से शराबोर कर दिया जागरण मे पंडाल भक्तो भरा रहा और प्रेम से बोलो जय माता दी के जयकारा गूजते रहे वही दूसरे दिन हनुमान जयंती पर विशाल भण्डारा आ आयोजन हुआ जिसमे तमाम लोग प्रसाद ग्रहण किया कमेटी के समिति के दिनेश रावत, जगदीश रावत, कृपा कुशवाहा, बाबू यादव, मनोज यादव, अजय कश्यप, राम लखन कश्यप, अरविंद कश्यप, शिवधान साहू, होरीलाल सविता, एवं तमाम सहयोगी एकत्र रहे उक्त लोगो ने सभी कलाकारों से अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया वही समिति के संरक्षक पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ह्रदय नारायण दीक्षित स्वास्थ ठीक न होने के कारण नहीं पहुंच सके

# टेट अनिवार्यता से नाराज शिक्षक पुरवा से बसों द्वारा दिल्ली के लिए रवाना

अमन लेखनी समाचार




पुरवा-उन्नाव। टेट अनिवार्यता के विरोध में स्थानीय तहसील क्षेत्र से दिल्ली आंदोलन के लिए शिक्षक बसों द्वारा रवाना हुए। प्राथमिक शिक्षक संघ के तहसील प्रभारी शिवम चौरसिया ने पुरवा, हिलौली व असोहा की बसों को रवाना किया। टीएफआई के बैनर तले दिल्ली के रामलीला मैदान में आगामी 4 अप्रैल 2026 को देशभर के परिषदीय स्कूलों के शिक्षक आंदोलन में सहभागिता के लिए निकल पड़े हैं। शुक्रवार सायं स्थानीय तहसील क्षेत्र के विकास खण्ड हिलौली व पुरवा से बसों द्वारा सैकड़ों शिक्षक दिल्ली के लिए कूच किए। टीएफआई के अध्यक्ष डॉ० दिनेश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में देश व प्रदेश के मान्यता प्राप्त संगठनों के पदाधिकारी व शिक्षक दिल्ली आंदोलन के लिए निकल चुके हैं। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक व जूनियर शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने आंदोलन को सफल बनाने के लिए शिक्षक साथियों से सम्पर्क बनाए रखा। तहसील प्रभारी शिवम चौरसिया ने बताया कि शीर्ष नेतृत्व के आवाहन पर हम लोग दिल्ली जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आरटीई एक्ट लागू होने के बाद टीईटी की अनिवार्यता थी लेकिन उससे पहले नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्य करना असंवैधानिक व अनैतिक है। केन्द्र सरकार को इस पर विचार करते हुए लोकसभा में संशोधित बिल लाकर माननीय सर्वोच्च न्यायालय में अपनी मजबूत पैरोकारी करनी चाहिए जिससे लाखों शिक्षक इस संकट से उबर सके। इस दौरान शिवम चौरसिया, विकास सिंह, वरुण सिंह, कमलेश कुमार, प्रवीण शुक्ल, पंकज चौरसिया, संजय द्विवेदी, रमेश साहू, आशीष जायसवाल, सतीश कुमार, कृष्ण कुमार, लल्लन, देवेन्द्र कुमार, राम गोपाल, दिनेश यादव आदि पदाधिकारी व शिक्षक शामिल रहे।

# बाला जी मंदिर निर्माण की दसवीं वर्ष गांठ पर हुई रामद्वार मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा।

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। मिर्जापुर सुम्हारी श्री बाला जी हनुमान जन्मोत्सव अवसर पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ हुआ। इस अवसर पर भगवान श्री राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा भी विधि-विधान पूर्वक आचार्यों के मंत्रोच्चारण के बीच कराई गई। राम दरबार के साथ-साथ राधा-कृष्ण, दुर्गा जी एवं विशाल हनुमान जी के दिव्य विग्रहों की भी विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा हुई। कार्यक्रम की शुरूआत 31 मार्च को कलश यात्रा एवं वेदी निर्माण के साथ हुई, जिसके पश्चात 1 अप्रैल को वेदी पूजन, अधिवास एवं स्थापना का आयोजन हुआ। तीन दिवसीय इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। 2 अप्रैल को मुख्य दिवस पर भव्य शोभा यात्रा दोपहर 1 बजे निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ सम्मिलित हुए। पूरे क्षेत्र में भक्ति और आस्था का अनुपम दृश्य देखने को मिला। मेहंदीपुर धाम से पधारे श्री रामदरबार के मुख्य महंत श्री सीताराम जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा और भी बढ़ गई। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में स्थानीय कोतवाली प्रशासन एवं पुलिस विभाग का सराहनीय योगदान रहा।

# विद्यालय परिसर में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन

अमन लेखनी समाचार




सफीपुर, उन्नाव। सन डी सन इंटर कॉलेज में बृहस्पतिवार रात वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहायक पुलिस अधीक्षक संचित शर्मा और क्षेत्राधिकारी सफीपुर सोनम सिंह उपस्थित रहे। समारोह में मात्र तीन वर्ष की आयु के बच्चों के नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम की शुरूआत नर्सरी कक्षा के बच्चों द्वारा सहायक पुलिस अधीक्षक संचित शर्मा को सलामी देने के साथ हुई। इसके बाद बच्चों ने 'लाल टमाटर बड़े मजेदार' जैसे विषयों पर सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए। स्कूल की आराध्या चौधरी और अवनी विमल ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लेकर उपस्थित लोगों को प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि सहायक पुलिस अधीक्षक संचित शर्मा ने सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को सफलता के महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि सफलता के लिए दिल और दिमाग में शत-प्रतिशत जुनून होना आवश्यक है। उन्होंने छात्रों से अपने परिवार की आर्थिक स्थिति, बड़ों को उच्च पद पर देखकर उपहार देने की इच्छा और देश सेवा के जज्बे को प्रेरणा बनाने का आह्वान किया। संचित शर्मा ने सुरक्षा की दृष्टि से समय-समय पर कार्यशालाएं आयोजित कर बच्चों को पुलिस टीम से रूबरू कराने की बात भी कही। इस अवसर पर प्रधानाचार्या टी एन फारूकी ने सहायक पुलिस अधीक्षक संचित शर्मा, क्षेत्राधिकारी सफीपुर सोनम सिंह और कोतवाली प्रभारी एस एन त्रिपाठी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में स्कूल की शिक्षण व्यवस्थाओं से जुड़े उम्मुल निगार, प्रशांत मिश्रा, ओमना श्रीवास्तव, मधुसूदन यादव सहित अन्य अध्यापक, अभिभावक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# धूम धाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के कस्बा ऊगू मे प्रति वर्ष की भांति श्री सार्वजनिक रामलीला परिसर मे स्थित हनुमान मंदिर पर हनुमान सेवा समिति के द्वारा बांहसठवां हनुमान जन्मोत्सव भव्य श्रंगार के साथ बडी धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र के कस्बा ऊगू मे रामलीला परिसर मे स्थिति हनुमान मंदिर पर प्रति वर्ष की भांति हनुमान सेवा समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव भव्य श्रंगार के साथ मनाया गया जिसमें कानपुर के महाकाल भजन संध्या द्वारा रात्रि जागरण किया जिसमें सुंदर सुदंर झाकियां दिखाकर भक्तों को भावविभोर कर दिया मुकुल बाजपेई ने शूरूआत गणेश बंदना के साथ की गणपति बप्पा मोरिया भजन के साथ जय दुख भंज्न मारूत नंदन सुनलो मेरी पुकार जैसे भजनो पर थिरकते रहे भगवान गणेश की झाकी प्रस्तुत की जिसका श्रद्वालुओ ने खुब आनंद लिया जन्मोत्सव पर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने हनुमान जी की आरती कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर कृषण कुमार द्विवेदी .सुनील शास्त्री .संजय शुक्ला .अरून द्विवेदी .हर्ष शुक्ला अनुज दीक्षित अवधेश दीक्षित .अरूण पांडेय आदि मौजूद रहे।

# डायरिया के बढ़ते मामलों ने स्वास्थ्य विभाग की बढ़ाई चिंता

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। डायरिया के बढ़ते मामलों ने स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी है। शुक्रवार को जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में डायरिया से पीड़ित कुल 13 बच्चों को भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार, सभी बच्चों की हालत पर लगातार नजर रखी जा रही है और उन्हें आवश्यक दवाएं व उपचार दिया जा रहा है। फिलहाल किसी भी बच्चे की हालत गंभीर नहीं बताई गई है, लेकिन एहतियात के तौर पर उन्हें निगरानी में रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। उन्हें उबला या शुद्ध पानी ही पिलाएं और बाहर के खाने से परहेज करें। विभाग ने यह भी सलाह दी है कि किसी भी प्रकार के लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें। स्थानीय प्रशासन भी स्थिति पर नजर बनाए हुए है और जिला अस्पताल में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।



# चैतवर मेला शुरू दुर्गा माता के मंदिर में लगा भक्तों का तांता

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। नवाबगंज क्षेत्र में प्रसिद्ध चैतवर मेला शुरू हो गया है। इस अवसर पर कस्बे के दुर्गा माता मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। चैत्र पूर्णिमा के पावन पर्व पर गुरुवार शाम को माता की दिव्य ज्योति ने नगर भ्रमण किया, जिसके दर्शन के लिए नवाबगंज में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस अलौकिक ज्योति की एक झलक पाने के लिए स्थानीय लोगों के साथ-साथ लखनऊ, कानपुर और उन्नाव सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मान्यता है कि पूर्णिमा के दिन माता की ज्योति के दर्शन मात्र से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। श्रद्धालुओं ने मंदिर में माथा टेकने के बाद चैतवर मेला का आनंद लिया। परंपरा के अनुसार, दूर-दराज से आए भक्तों ने मेला क्षेत्र में ही भोजन तैयार किया और रात्रि प्रवास किया। भक्ति का यह सिलसिला पूरी रात चलता रहा, जिससे पूरा कस्बा माता के जयकारों से गूंजता रहा।

भोर होते ही दूसरे दिन शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने कस्बे के पौराणिक पक्के तालाब और खजुरिया तालाब में परिवार सहित स्नान किया। स्नान के पश्चात भक्तों ने दुर्गा मंदिर और कुसुंभी स्थित कुशहरी देवी मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-सौभाग्य की कामना की।

मेला क्षेत्र की महत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मंदिर परिसर और तालाब के घाटों पर कई परिवारों ने बच्चों के मुंडन व अन्य मांगलिक कार्यक्रम भी आयोजित किए। सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर प्रशासन की ओर से कड़े इंतजाम किए गए हैं, ताकि आने वाले दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। चैतवर मेला कमेटी द्वारा मेले में प्रकाश, दुकानदारों के लिए विद्युत, साफ-सफाई, पेयजल और खाने की निःशुल्क व्यवस्था की जा रही है।

### तहसील मुख्यालय में एक-एक बूंद को तरसते फरियादी

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। मुख्यालय पाटन प्रांगण के अंदर इंडिया मार्का नल व आरो कई माह से बिगड़ा पड़ा हुआ हैं कोसों दूर से न्याय के लिए तहसील मुख्यालय प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग बड़े विश्वास के साथ न्याय पाने के लिए आते हैं जिन अधिकारियों के कंधे पर सैकड़ो गांवों की जिम्मेदारी है विकास सहित जनता के लिए सरकार प्रतिमाह लाखों रुपए खर्च करती है कि जनता को न्याय मिले लेकिन न्याय के इस मंदिर में भीषण गर्मी में एक-एक बूंद को फरियादी पानी पीने के लिए तरस रहे फरियादी तो दूर अधिवक्ता भी कई बार इस समस्या को लेकर न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में घाट पर पड़ा मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के बक्सर स्थित नमामि गंगे घाट पर शुक्रवार सुबह घाट पर 40 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंचे सी ओ मधुप नाथ मिश्रा ने बताया कि नमामि गंगे घाट पर आशुतोष भाटिया पुत्र राकेश भाटिया निवासी काकादेव कानपुर नगर का शव घाट पर पड़ा मिला। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि आशुतोष भाटिया बृहस्पतिवार को अपनी स्विफ्ट डिजायर गाड़ी से बक्सर आए थे और उनके पास दो मोबाइल थे स्थानीय दुकानदारों से पानी खरीदने का भुगतान भी मोबाइल से कर रहे थे। रात को वहीं घाट पर रुके और सुबह घाट पर मृत मिले। सी ओ ने बताया कि मौके पर मोबाइल नहीं मिले स्विफ्ट गाड़ी नंबर 8332 मौके पर थी। आई डी के आधार पर परिजनों को सूचना दी गई है।

# ईमानदारी की मिसाल पुलिस ने मृतक चेयरमैन पति के बरामद 1.24 लाख रुपये परिजनों को सौंपे

अमन लेखनी समाचार



औरास, उन्नाव। मानवता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए औरास थाना पुलिस ने सड़क हादसे में जान गंवाने वाले पहासू नगर पंचायत चेयरमैन के पति के वाहन से बरामद नकदी को पूरी पारदर्शिता के साथ उनके वारिस को सुपुर्द कर दिया है। शुक्रवार को थाना प्रभारी ने मृतक के पुत्र को बुलाकर बरामद 1 लाख 24 हजार रुपये नकद सौंपे।

### हादसे में हुई थी 'छोटे अजमल' की मौत

बीती 27 मार्च 2026 को बुलंदशहर जिला अंतर्गत पहासू की चेयरमैन ताबीर अजमल के पति व उनके प्रतिनिधि छोटे अजमल लखनऊ में एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर किलोमीटर संख्या 265 के पास उनकी होंडा अमेज कार (DL 13 CC 4080) अनियंत्रित होकर यूपीडा की ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई थी। इस दर्दनाक हादसे में छोटे अजमल की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि चालक घायल हुआ था।

### पुलिस ने पेश की पारदर्शिता

थाना प्रभारी औरास, संजीव कुमार कुशवाहा ने बताया कि दुर्घटना के समय कार की तलाशी के दौरान 1,24,000 रुपये की नकदी बरामद हुई थी। पुलिस ने इस राशि को सुरक्षित रखा और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शुक्रवार, 3 अप्रैल को मृतक के पुत्र तलहा को थाने बुलाकर पूरी रकम उनके सुपुर्द कर दी।

### परिजनों ने जताया आभार

रुपये प्राप्त करने के बाद मृतक के पुत्र तलहा ने पुलिस की इस ईमानदारी की सराहना की। उन्होंने भारी मन से कहा कि उनके पिता एक लोकप्रिय जनसेवक थे और उनके जाने से परिवार व क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। इस दौरान थाने पर मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों ने औरास पुलिस के इस कदम की प्रशंसा की।

## सम्पादकीय

# जल, जंगल व जमीन की सुरक्षा होगी और बेहतर

देश के आंतरिक सुरक्षा परिदृश्य में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। दशकों तक 'लाल आतंक' के नाम से पहचाने जाने वाला नक्सलवाद अब खत्म हो चुका है। नक्सवादियों के सभी बड़े नेता या तो मारे जा चुके हैं, या उन्होंने इस विचारधारा को छोड़कर सरेंडर कर दिया है। अब जल, जंगल और जमीन की और बेहतर सुरक्षा हो सकेगी। नक्सलवाद का खात्मा सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। अब ऐसे क्षेत्रों में विकास के नए द्वार खुलेंगे, जहां लाल आतंक से लोग त्रस्त थे। इन क्षेत्रों में अब शिक्षा का स्तर सुधरेगा, बच्चों की खेलों में गतिविधियां बढ़ेंगी और सामाजिक तथा आधारभूत ढांचे का विकास होगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अनुसार, 31 मार्च 2026 की निर्धारित समयसीमा से पहले ही भारत से नक्सलवाद का खात्मा हो चुका है। यदि यह दावा जमीनी हकीकत से मेल खाता है, तो यह केवल सुरक्षा की दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन के लिहाज से भी एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। नक्सलवाद की शुरुआत 1967 में पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी से हुई थी। यह आंदोलन मूलतः जल, जंगल और जमीन पर अधिकार की मांग से जुड़ा था, जिसमें आदिवासी और वंचित वर्गों की आवाज शामिल थी। समय के साथ यह आंदोलन हिंसक रूप लेता गया और देश के कई हिस्सों में सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती बन गया। रेड कॉरिडोर के नाम से पहचाने जाने वाले क्षेत्रों में वर्षों तक विकास की रफ्तार थमी रही और आम जनजीवन भय के साए में रहा। हाल के वर्षों में सरकार द्वारा अपनाई गई बहुआयामी रणनीति ने इस समस्या को काफी हद तक नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाई है। होल ऑफ गवर्नमेंट दृष्टिकोण के तहत सुरक्षा, विकास और विश्वास तीनों मोर्चों पर एक साथ काम किया गया। सुरक्षा बलों के आक्रामक अभियानों के साथ-साथ सड़क, संचार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया गया। विशेषकर छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, बिहार के साथ आंध्र प्रदेश (सीमावर्ती इलाके), केरल, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना जैसे क्षेत्रों में बड़ी संख्या में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जो इस बदलाव का संकेत है। हालांकि, इस उपलब्धि को अंतिम समाधान मान लेना जल्दबाजी होगी। इतिहास बताता है कि किसी भी विचारधारा को केवल सैन्य कार्रवाई से पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सकता, जब तक उसके मूल कारणों को संबोधित न किया जाए। यहां सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यही है कि क्या जल, जंगल और जमीन से जुड़े मुद्दों का स्थायी समाधान हो पाया है? क्या आदिवासी समुदायों को उनके अधिकार पूरी तरह मिल रहे हैं? क्या विकास की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की गई है? यदि इन सवालों के जवाब संतोषजनक नहीं हैं, तो नक्सलवाद भले ही समाप्त हो जाए, लेकिन असंतोष की नई जमीन तैयार हो सकती है। सरकार के सामने अब असली चुनौती "पोस्ट-नक्सल" दौर को संभालने की है। जिन क्षेत्रों में कभी बंदूक की आवाज गूंजती थी, वहां अब स्कूलों की घंटियां, खेल के मैदानों की चहल-पहल और रोजगार के अवसरों की उम्मीद सुनाई देनी चाहिए। स्थानीय समुदायों का विश्वास जीतना सबसे बड़ी कुंजी है। यदि उन्हें लगे कि उनकी आवाज सुनी जा रही है और उनके संसाधनों पर उनका अधिकार सुरक्षित है, तभी यह बदलाव स्थायी हो सकेगा। नक्सलवाद के खत्म होने को एक नए भारत की शुरुआत के रूप में देखना चाहिए। जहां सुरक्षा के साथ-साथ न्याय और समानता भी सुनिश्चित हो।



आर्थिकी

सतीश सिंह

# महंगाई के बेकाबू होने के आसार

**भारत ने भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 में संशोधन के बाद 2016 में एफआईटी ढांचे को अपनाया था। फिलहाल, दुनिया के 3 विकसित देशों सहित 26 देशों ने इस व्यवस्था को अपनाया है। इस संकल्पना में मूल्य स्थिरता को मौद्रिक नीति का प्राथमिक उद्देश्य बताया गया है। मौजूदा परिदृश्य में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि महंगाई सरकार द्वारा निर्धारित 4% से 2% अधिक या 2% कम के दायरे को आगामी महीनों में पार कर सकती है और इसकी वजह से रिजर्व बैंक को नीतिगत दरों में इजाफा करना पड़ सकता है, जिससे आर्थिक गतिविधियों में कमी आ सकती है साथ ही साथ देश की विकास गति भी अवरुद्ध हो सकती है।**

ईरान के अमेरिका और इजराइल के साथ चल रहे संघर्ष के बावजूद सरकार ने 25 मार्च को तय किया कि महंगाई की सीमा 4% से 2% अधिक या 2% कम रहेगी। हालांकि, मौजूदा परिदृश्य में इस लक्ष्य को हासिल करना सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक के लिए आसान नहीं होगा। बहरहाल, यह अधिसूचना, अर्थात लचीला मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण (एफआईटी) ढांचा, 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक प्रभावी रहेगा। उल्लेखनीय है कि इस ढांचे को 1 अक्टूबर 2016 में लागू किया गया था। इस ढांचे की हर 5 वर्षों में समीक्षा की जाती है।

पिछली बार इसे मार्च 2021 से मार्च 2026 तक के लिए लागू किया गया था। भारत ने भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 में संशोधन के बाद 2016 में एफआईटी ढांचे को अपनाया था। फिलहाल, दुनिया के 3 विकसित देशों सहित 26 देशों ने इस व्यवस्था को अपनाया है। इस संकल्पना में मूल्य स्थिरता को मौद्रिक नीति का प्राथमिक उद्देश्य बताया गया है। साथ ही, इस व्यवस्था के अंतर्गत मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की स्थापना की गई थी, जिसमें रिजर्व बैंक के तीन अधिकारी और तीन बाहरी सदस्य होते हैं और मौद्रिक नीति की ब्याज दर को मतदान के बहुमत से तय करते हैं। तत्पश्चात, रिजर्व बैंक मौद्रिक समीक्षा के फैसले की घोषणा करता है। महंगाई का स्तर मांग और आपूर्ति के संतुलन पर निर्भर करता है। जब लोगों के पास अधिक पैसा होता है तो वे अधिक वस्तुएं खरीदते हैं, जिससे मांग बढ़ती है। यदि आपूर्ति मांग के अनुरूप नहीं है तो कीमतें बढ़ेंगी। इसके विपरीत, जब मांग कम होती है और आपूर्ति अधिक होती है तो महंगाई घट जाती है। वर्तमान में युद्ध के कारण, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं, जिसके कारण भारत में भी पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और रसोई गैस की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। इनकी कीमतों में और वृद्धि हो सकती है क्योंकि भारत अपने आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा रूस, इराक, सऊदी अरब, अमेरिका, यूएई, कतर, रूस, ऑस्ट्रेलिया आदि से आयात करता है और वर्तमान में इन देशों से भारत में आपूर्ति सामान्य नहीं है। सरकार और रिजर्व बैंक ने महंगाई की निर्धारित सीमा को बनाए रखने का निर्णय लिया है। यह मानते हुए कि आधार वर्ष में बदलाव से इस सीमा पर कोई दबाव नहीं पड़ेगा और यह निर्धारित स्तर पर कायम रहेगी। 12 फरवरी से सरकार ने महंगाई का मापन आधार वर्ष 2012 से बदलकर 2024 कर दिया है। इस नए आधार वर्ष में कई पुरानी वस्तुओं को उनकी अप्रासंगिकता के कारण हटा दिया गया है, और नई वस्तुओं को जोड़ा गया है। साथ ही, खाद्य वस्तुओं का भार घटाया गया है और कुछ गैर-खाद्य वस्तुओं का भार जोड़ दिया गया है, जिनका आमतौर पर महंगाई पर प्रभाव पड़ता है। अभी सामान्यतः महंगाई में वृद्धि का कारण खाद्य कीमतों का बढ़ना माना जाता है, लेकिन नए आधार में खाद्य पदार्थों का भार महंगाई के मामले में कम कर दिया गया है। इसलिए, यह माना जा रहा है कि लंबे समय तक युद्ध के चलते महंगाई सरकार द्वारा निर्धारित सीमा 4% से 2% अधिक या 2% कम के स्तर पर अक्षुण्ण बनी रहेगी। मुद्रास्फीति को मापने के लिए ऐसी वस्तुएं और सेवाएं चुनी जाती हैं, जो इसकी वृद्धि में सबसे अधिक योगदान देती हैं। इन वस्तुओं को




उनके महत्व के आधार पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में वज़न दिया जाता है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) हर माह खुदरा महंगाई का आकलन सीपीआई सूचकांक से करता है, जिसमें वे वस्तुएं और सेवाएं शामिल हैं, जिनका रोज़मर्रा के जीवन में अधिक उपयोग होता है, जैसे कि खाद्य, वस्त्र, आवास, ईंधन और स्वास्थ्य सेवाएं।

नए आधार वर्ष के अंतर्गत ऐसी वस्तुएं और सेवाएं भी जोड़ी गई हैं, जिन पर अब लोग अधिक खर्च कर रहे हैं, जैसे कि स्मार्टफ़ोन, इंटरनेट, ईयरफोन, फिटनेस बैंड जैसे उपकरण हमारे जीवन का हिस्सा बन गए हैं, जबकि पहले इनका उपयोग सीमित था। साथ ही, अब नेटफ्लिक्स, जियो हॉटस्टार, प्राइम वीडियो जैसी ओटीटी सेवाएं, ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म, हवाई टिकट, ऐप आधारित टैक्सी सेवाएं, ऑनलाइन सेवाएं, शॉपिंग की कीमतें, और ग्रामीण इलाकों में मकान के किराए को भी सूचकांक में शामिल किया गया है। अन्तरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत बढ़ने के बाद भारत में नायरा एनर्जी ने पेट्रोल की कीमत में 5 रुपये प्रति लीटर और डीजल में 3 रुपये प्रति लीटर वृद्धि की है। वहीं, होटल-रेस्टोरेंट ग्राहक से सरकारी टैक्स के साथ एलपीजी चार्ज भी वसूल कर रहे हैं। हालांकि सरकार ने इस पर रोक लगाई है, लेकिन जमीनी स्तर पर इस रोक का कोई प्रभाव नहीं दिख रहा है। महंगाई को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में 10-10 रुपये की कटौती की है। पेट्रोल पर ड्यूटी 13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 3 रुपये कर दी गई है, जबकि डीजल पर 10 रुपये से शून्य कर दी गई है, ताकि पेट्रोल और डीजल की कीमतें न बढ़ें।

अमेरिका और इजराइल के साथ ईरान की जंग के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम 70 डॉलर से बढ़कर 110 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। इससे तेल कंपनियों को 30 रुपये प्रति लीटर तक घाटा हो रहा है, जिसे तेल कम्पनियां जल्द ही आमजन पर डाल देंगी। आमतौर पर जब तेल की कीमत बढ़ती है तो परिवहन की लागत बढ़ती है, साथ ही वस्तुओं की कीमत में भी इजाफा होता है। हालांकि, जानकारों के अनुसार सरकार द्वारा एक्साइज ड्यूटी में कटौती केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और असम जैसे राज्यों में आगामी चुनावों के मद्देनजर ली गई है और चुनाव के खत्म होने के तुरंत बाद सरकार एक्साइज ड्यूटी में कटौती को वापस ले सकती है। ईरान, इज़राइल और अमेरिका के मौजूदा रुख से ऐसा लगता है कि हाल फिलहाल में यह जंग रुकने वाली नहीं है और लंबे समय तक इस युद्ध के जारी रहने पर कच्चे तेल के साथ-साथ कई जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति श्रृंखला भी बाधित हो सकती है। उल्लेखनीय है कि भारत दैनिक जीवन में इस्तेमाल किए जाने वाली कई वस्तुओं का आयात दूसरे देशों से करता है, इसलिए नए आधार वर्ष में महंगाई की गणना करने वाली वस्तुओं में बदलाव करने के बाद भी महंगाई में अभूतपूर्व इजाफा होने की संभावना है। एक अनुमान के अनुसार भारत में 2026 तक महंगाई दर बढ़कर 4.6% तक पहुँच सकता है, जो पहले 3.9% के आसपास रहने की उम्मीद थी।

यह भारतीय रिजर्व बैंक की स्वीकार्य सीमा के अंदर है, लेकिन रुपया के लगातार कमजोर होने से महंगाई पर दबाव और भी बढ़ सकता है। मौजूदा परिदृश्य में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि महंगाई सरकार द्वारा निर्धारित 4% से 2% अधिक या 2% कम के दायरे को आगामी महीनों में पार कर सकती है और इसकी वजह से रिजर्व बैंक को नीतिगत दरों में इजाफा करना पड़ सकता है, जिससे आर्थिक गतिविधियों में कमी आ सकती है साथ ही साथ देश की विकास गति भी अवरुद्ध हो सकती है।

नई दिशा

ममता कुशवाहा



# डिजिटल युग में जनगणना बदलाव की बुनियाद

भारत जैसे विशाल और विविधताओं से भरे देश में जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा को समझने का एक सशक्त माध्यम है। वर्ष 2021 में प्रस्तावित जनगणना, जो विभिन्न कारणों से विलंबित रही, अब एक नए स्वरूप में आरंभ होने जा रही है। यह जनगणना कई मायनों में ऐतिहासिक है, न केवल इसलिए कि यह देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी, बल्कि इसलिए भी कि इसमें पहली बार जातीय आंकड़ों को व्यवस्थित रूप से संकलित किया जाएगा। यह पहल भारत के प्रशासनिक ढांचे, नीति-निर्माण और सामाजिक समझ को एक नई दिशा देने की क्षमता रखती है। डिजिटल जनगणना का सबसे बड़ा लाभ इसकी गति और सटीकता में निहित है। पारंपरिक कागज-आधारित प्रणाली में जहां आंकड़ों के संग्रह, संकलन और विश्लेषण में वर्षों लग जाते थे, वहीं डिजिटल माध्यम इस पूरी प्रक्रिया को कहीं अधिक त्वरित और त्रुटिहीन बना सकता है। मोबाइल एप, वेब पोर्टल और रियल-टाइम मॉनिटरिंग जैसे उपकरणों के माध्यम से डेटा सीधे केंद्रीय सर्वर पर पहुंचेगा, जिससे मानवीय भूलों की संभावना न्यूनतम हो जाएगी। इसके अतिरिक्त, यह प्रणाली पारदर्शिता को भी बढ़ाएगी और डेटा के सुरक्षित भंडारण को सुनिश्चित करेगी। इस जनगणना की एक विशेषता यह भी है कि नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे।

यह न केवल नागरिकों की भागीदारी को बढ़ावा देगा, बल्कि प्रशासनिक बोझ को भी कम करेगा। हालांकि, इसके साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी जुड़ी हुई है। लोगों को अपनी जानकारी पूरी ईमानदारी और सावधानी से भरनी होगी, क्योंकि यह डेटा न केवल वर्तमान नीतियों के निर्माण में सहायक होगा, बल्कि भविष्य की योजनाओं की नींव भी बनेगा। जनगणना आयुक्त द्वारा दी गई गोपनीयता की गारंटी इस प्रक्रिया में विश्वास को मजबूत करती है, जिससे लोग बिना किसी भय के अपनी जानकारी साझा कर सकेंगे। जनगणना को दो चरणों में पूरा करने का निर्णय भी एक महत्वपूर्ण बदलाव है। पहले चरण में घरों की सूचीकरण और आवास से संबंधित जानकारी एकत्र की जाएगी, जबकि दूसरे चरण में जनसंख्या के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक पहलुओं का विवरण लिया जाएगा। यह विभाजन न केवल प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित बनाएगा, बल्कि डेटा के विश्लेषण को भी अधिक सटीक और उपयोगी बनाएगा। इससे सरकार को विभिन्न क्षेत्रों में लक्षित योजनाएं बनाने में मदद मिलेगी, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आवास। इस जनगणना का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू जातीय आंकड़ों का संकलन है। स्वतंत्र भारत में यह पहली बार होगा, जब जातियों का विस्तृत विवरण एकत्र किया जाएगा। इससे देश की सामाजिक संरचना की वास्तविक तस्वीर सामने आएगी, जो अब तक केवल अनुमान और अधूरी जानकारी पर आधारित रही है। वर्ष 1931 के बाद से जातिगत जनगणना नहीं हुई है, इसलिए वर्तमान में विभिन्न जातीय समूहों के संख्याबल और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति के बारे में स्पष्ट और प्रमाणिक आंकड़ों का अभाव है। ऐसे में यह जनगणना कई मिथकों और धारणाओं को तोड़ने का कार्य कर सकती है। हालांकि, जातीय जनगणना के साथ कुछ चिंताएं भी जुड़ी हुई हैं। सबसे बड़ी आशंका यह है कि इन आंकड़ों का उपयोग राजनीतिक लाभ के लिए किया जा सकता है।

भारत में पहले से ही जाति आधारित राजनीति का प्रभाव देखा गया है और यदि इन आंकड़ों का दुरुपयोग हुआ तो यह सामाजिक विभाजन को और गहरा कर सकता है। विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने हितों के अनुसार इन आंकड़ों की व्याख्या कर सकते हैं, जिससे समाज में वैमनस्य और असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसलिए यह आवश्यक है कि सरकार इस दिशा में ठोस नीतिगत उपाय करे, ताकि जनगणना के आंकड़ों का उपयोग केवल विकास और कल्याणकारी योजनाओं के लिए ही किया जाए। जनगणना का मूल उद्देश्य देश की जनसंख्या की संरचना, उनकी आवश्यकताओं और समस्याओं को समझना है, ताकि प्रभावी नीतियां बनाई जा सकें।

## योग-ध्यान भावनाओं को रोकें नहीं, साधें



संकलित

दर्शन

जब भी आप क्रोध जैसी किसी भी नकारात्मक भावना को रोकने का प्रयास करते हैं, तो वह और भी ज्यादा तेज हो जाती है। आप जो चीज नहीं चाहते हैं, उसे यदि आप रोकने की कोशिश करते हैं, तो ऐसा ही होता है। वस्तुतः मानव मन की यही प्रकृति है। मन को अपने अनुरूप साधने की प्रणाली योग है। योग की प्रणाली अनुभव के स्तर पर अपने शरीर और मन की प्रकृति का अनुसंधान करती है। जब आप सुबह उठकर आसन करते हैं, तो आप उसे मात्र व्यायाम न समझें। वास्तव में योग यह सुनिश्चित करता है कि आप जीवन से कितनी सहजता से गुजरते हैं, आप अपने शरीर और अपने मन को कितनी गहराई से समझते हैं। यदि आप गाड़ी चलाकर कहीं जा रहे हैं तो यात्रा मंगलमय होने के लिए, दो बातें जरूरी हैं। एक तो गाड़ी का अच्छा होनी चाहिए और दूसरी आपको गाड़ी की समझ हो। आपके शरीर और मन के बारे में योग यही तो सुनिश्चित करता है। यह बड़ी व्यावहारिक बात है, यह कोई आत्मज्ञान नहीं है। अगर आप एक अज्ञानी जीवन भी जीना चाहते हैं, तब भी योग जरूरी है। जब आप आसन करते हैं तो आप अपने शरीर और मन की प्रकृति को खोजते हैं। अगर आप अपनी अंगुलियों को एक खास तरह से चलाते हैं, तो आपका मन उसके मुताबिक काम करता है। आप अपने शरीर से जो कुछ भी करते हैं, उससे आपके मन के साथ भी कुछ होता है। किताब पढ़ने से यह समझ प्राप्त नहीं होगी।

## ब्राह्मण का सपना



संकलित

प्रेरणा

एक नगर में कोई कंजूस ब्राह्मण रहता था। उसने भिक्षा से प्राप्त सत्तुओं में से थोड़े से खाकर शेष से एक घड़ा भर लिया था। उस घड़े को उसने रस्सी से बांधकर खूंटी पर लटका दिया और उसके नीचे पास ही खटिया डालकर उसपर लेटे-लेटे विचित्र सपने लेने लगा, और कल्पना के हवाई घोड़े दौड़ाने लगा। उसने सोचा कि जब देश में अकाल पड़ेगा तो इन सत्तुओं का मूल्य 100 रुपए हो जाएगा। उन सौ रुपयों से मैं दो बकरियां लूंगा। छः महीने में उन दो बकरियों से कई बकरियां बन जाएंगी। उन्हें बेचकर एक गाय लूंगा। गौओं के बाद भैंसे लूंगा और फिर घोड़े ले लूंगा। घोड़ों को महंगे दामों में बेचकर मेरे पास बहुत सा सोना हो जाएगा। सोना बेचकर मैं बहुत बड़ा घर बनाऊंगा। मेरी सम्पत्ति को देखकर कोई भी ब्राह्मण अपनी सुरुपवती कन्या का विवाह मुझसे कर देगा। वह मेरी पत्नी बनेगी। उससे जो पुत्र होगा उसका नाम मैं सोमशर्मा रखूंगा। जब वह घुटनों के बल चलना सीख जाएगा तो मैं पुस्तक लेकर घुड़शाला के पीछे की दीवार पर बैठा हुआ उसकी बाल-लीलाएं देखूंगा। उसके बाद सोमशर्मा मुझे देखकर मां की गोद से उतरेगा और मेरी ओर आएगा तो मैं उसकी मां को क्रोध से कहूंगा- 'अपने बच्चे को संभाल।' वह गृह-कार्य में व्यग्र होगी, इसलिए मेरा वचन न सुन सकेगी। तब मैं उठकर उसे पैर की ठोकर से मारुंगा। यह सोचते ही उसका पैर ठोकर मारने के लिए ऊपर उठा। वह ठोकर सत्तु-भरे घड़े को लगी। घड़ा चकनाचूर हो गया। कंजूस ब्राह्मण के स्वप्न भी साथ ही चकनाचूर हो गए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### भारत-अमरीका व्यापार समझौते की अहमियत

भारत और अमरीका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौता (2026) ऐसे समय में उभरकर सामने आया है, जब भारत एक ओर वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपनी भागीदारी को विस्तार देने की दिशा में अग्रसर है, वहीं दूसरी ओर अपनी कृषि-आधारित सामाजिक-आर्थिक संरचना की रक्षा करने की अनिवार्य चुनौती का सामना कर रहा है। फरवरी 2026 में घोषित अंतरिम रूपरेखा ने जहां भारतीय निर्यातकों के लिए अमरीकी बाजार में नए अवसरों के द्वार खोले हैं, वहीं सस्ते अमरीकी कृषि उत्पादों के संभावित आयात ने देश के करोड़ों किसानों के बीच चिंता और असुरक्षा की भावना पैदा कर दी है। भारत को ऐसा समझौता करना चाहिए जिससे व्यापार संतुलन ठीक हो जाए। *- श्रीकांत पाटिल, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### सेमीकंडक्टर उद्योग



भारत का सेमीकंडक्टर उद्योग विभिन्न राज्यों में फल-फूल रहा है, जिससे अनगिनत युवाओं के लिए नए अवसर पैदा हो रहे हैं। इन प्रयासों को और अधिक व्यापक बनाने के लिए हम सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 पर काम कर रहे हैं।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### केरल की नर्सें



लाखों लोगों के लिए, केरल की नर्सें जीवन के सबसे कठिन क्षणों में सहारा और शक्ति का स्रोत हैं। उन्हीं की बदौलत मैं केरल में शांति से चुनाव प्रचार कर पा रहा हूं, यह जानकर कि दिल्ली में मेरी मां की देखभाल उन्हीं की देखरेख में हो रही है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### समान नागरिक संहिता



सत्ता में वापसी के तीन महीने के भीतर हम असम में समान नागरिक संहिता लागू करेंगे। हमारी बहुआयामी रणनीति में लव जिहाद, लैंड जिहाद, अतिक्रमण और घुसपैठ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी शामिल होगी।

- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### सीबीआई जांच की मांग




एसीबी अब तक झारखंड शराब घोटाले के किसी भी आरोपी के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल करने में विफल रही है, जिसके परिणामस्वरूप सभी आरोपियों को डिफॉल्ट बेल मिल गई। इसी विषय को लेकर आज राज्यपाल से मिलकर सीबीआई जांच सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

- बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड

## करंट अफेयर

### 'गेट ऑफ टीयर्स' बन सकता है नया वैश्विक संकट बिंदु

वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और समुद्री व्यापार पर पश्चिम एशिया संकट के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य पर पहले से बने दबाव के बीच अब एक और अहम समुद्री मार्ग 'बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य' को लेकर चिंताएं बढ़ने लगी हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह जलडमरूमध्य जल्द ही एक नए वैश्विक तनाव केंद्र के रूप में उभर सकता है, जिससे विश्व अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ सकता है। 'होर्मुज जलडमरूमध्य' दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस के परिवहन का प्रमुख मार्ग है। ईरान ने खुद पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद इस मार्ग को बंद कर दिया है जिससे वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बढ़ गई है।



## ऑफ बीट

### रंगीन चावल वास्तव में क्या स्वास्थ्यवर्धक है

चावल की 40,000 से अधिक विभिन्न किस्में हैं - जो इस मुख्य फसल की विविधता और अनुकूलनशीलता का प्रमाण है। चावल, अन्य अनाजों की तरह, एक घास के पौधे का खाने योग्य स्टार्चयुक्त दाना है। सफेद चावल की तुलना में, भूरा चावल एक साबुत अनाज है जिसमें केवल अखाद्य बाहरी छिलका हटा दिया जाता है। सफेद चावल बनाने के लिए अनाज का चोकर (बाहरी आवरण) हटा दिया जाता है। भूरे चावल में, चोकर और मगज़ (अनाज का मूल) बरकरार रहते हैं, जिससे इस प्रकार के चावल को इसका भूरा रंग और उच्च फाइबर सामग्री मिलती है। भूरे चावल में स्वाभाविक रूप से सफेद चावल की तुलना में अधिक पोषक तत्व होते हैं,



## संक्षेप

### स्कूल चलो अभियान शुरू

**डीएम ने बच्चों को बैग-किताबें दीं, फूल-माला पहनाकर किया स्वागत; 17 शिक्षक सम्मानित**

अमेठी , आज से 'स्कूल चलो अभियान' का शुभारंभ हो गया है। जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर (डीपीआरसी) में आयोजित एक कार्यक्रम में जिलाधिकारी (डीएम) संजय चौहान, मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) और बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) सहित बड़ी संख्या में अध्यापक मौजूद रहे। अभियान के तहत, पहली बार स्कूलों में दाखिला लेने वाले छोटे बच्चों का तिलक लगाकर और माला पहनाकर स्वागत किया गया। उन्हें चॉकलेट और स्कूली बैग भी दिए गए, जिससे उनका उत्साहवर्धन हो सके। इस अवसर पर, सर्वाधिक नामांकन कराने वाले जिले के विभिन्न ब्लॉकों के 17 अध्यापकों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बीएसए संजय तिवारी ने बताया कि जिले में कुल 1570 विद्यालय हैं

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत अज्ञात वाहन के टक्कर मार देने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। ठ्ल की एम्बुलेंस द्वारा घायल को सुमेरपुर स्वास्थ केंद्र लाया गया जहा डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया ।प्राप्त जानकारी के अनुसार गाँव कुडवल थाना लालगंज जिला रायबरेली निवासी सोनल पुत्र रवींद्र 24 वर्ष कानपुर के समीप किसी ईट भट्टे में कार्य करता था। शुक्रवार शुबह पल्सर बाइक से ईंट भट्ठे में कार्य करने के लिए निकला। आकमपुर गाँव के समीप उसकी बाइक में अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा। सूचना पर पहुँचे ठ्ल की 1033 एम्बुलेंस द्वारा घायल को सुमेरपुर स्वाथ्य केंद्र लाया गया जहा मौजूद डॉक्टर रॉज किशोर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। दिवंगत हेलमेट नही लगाए था। दिवंगत का एक बड़ा भाई रोशन व अविवाहित बहन प्रिया है। माँ चंदा देवी सहित पूरा परिवार रो रो बेहाल है।

# मिहींपुरवा में विश्व हिंदू परिषद ने मनाया रामोत्सव एवं धर्म जागरण यात्रा कार्यक्रम

**शोभा यात्रा व मटकी फोड़ कार्यक्रम रहा आकर्षण का केंद्र**

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल







मोतीपुर, बहराइच ।तहसील मिहींपुरवा के कस्बे में स्थित श्री राम जानकी मंदिर परिसर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा रामोत्सव एवं धर्म जागरण यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में धर्म प्रेमी बंधुओ की उपस्थित रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे संतो व धर्म गुरुओं ने लोगों को सत्य के मार्ग पर चलकर सनातन धर्म की रक्षा करने का संकल्प दिलाया। विश्व हिंदू परिषद के विभाग उपाध्यक्ष संदीप सिंह के नेतृत्व में रामोत्सव जन जागरण शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें काफी संख्या में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारी व कार्यकताओं सहित क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। यात्रा में मुख्य अतिथि सनातन पीठाधीश बहराइच के विष्णु देवाचार्य जी महराज एवं पीठाधीश्वर वीरेंद्र गिरी महराज जी शिवालय बाग नानपारा, प्रांत विशेष सम्पर्क प्रमुख बृजेश पाण्डेय रहे। धर्म जागरण यात्रा श्री राम जानकी मंदिर से निकलकर मिहींपुरवा नगर का भ्रमण करते हुए वापसी मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। यात्रा के दौरान मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें दिलीप जायसवाल व दिनकर द्विवेदी की जोड़ी ने लोगों को आकर्षित किया। शोभायात्रा में जय श्री राम व भारत माता की जय वंदे मातरम के जय घोष से पूरा क्षेत्र गूंजायमान हो उठा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया जिसमें मीडिया के क्षेत्र में मनोज तिवारी, मिथिलेश जायसवाल, भानु प्रताप जायसवाल तथा कराटे के क्षेत्र में दिलीप जायसवाल दिनकर द्विवेदी जीत भारती को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकताओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक व विश्व हिंदू परिषद के विभाग उपाध्यक्ष संदीप सिंह ने बताया कि रामोत्सव एवं धर्म जागरण शोभा यात्रा का आयोजन किया गया इसका उद्देश्य लोगों को सनातन धर्म की जानकारी के साथ ही अपनी संस्कृति बचाने और संरक्षित करने के लिए किया गया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में ऊंच नीच का कोई भेदभाव नहीं है सभी लोग एक हैं ।इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मिहींपुरवा चंद्रिका हिन्दू, हृदेश मौर्य कार्याध्यक्ष, अरविन्द कुमार मंत्री, संजय कुमार, बृजेश निषाद उपाध्यक्ष, शिवम कुमार, हरीश कुमार सुरक्षा प्रमुख, रामविलास वर्मा, केवल प्रसाद, चंद्रशेखर नगर अध्यक्ष, संजय वर्मा, वाशू मदेशिया, प्रमोद , सीमा जागरण मंच के योगेंद्र मौर्य, अम्बर लाल जायसवाल, विरेन्द्र गुप्ता, मनोज, विजय राज, संदीप, राम सरन, रवि जायसवाल, अमित, अंकित बजरंगबली, अजय, शोभित, विक्रम, विकाश, रोहित, हिमांशु, धर्मप्रकाश सहित काफी संख्या में धर्म प्रेमी लोग उपस्थित रहे।

# कैसरगंज के अधिवक्ताओं के लिए बड़ी सौगात, कक्ष सहित हॉल निर्माण कार्य की मिली स्वीकृति

**एमएलसी पदमसेन चौधरी के प्रयास से मिली मंजूरी, बार एसोसिएशन में खुशी की लहर**



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज क्षेत्र के अधिवक्ताओं के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा एवं विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) पदम सेन चौधरी के प्रयासों से अधिवक्ताओं के बैठने के लिए कक्ष सहित हॉल का निर्माण व्यवस्था को स्वीकृति मिल गई है। बताया जा रहा है कि इस व्यवस्था के लिए लगभग 88 लाख रुपये की धनराशि का स्वीकृति मिली । इस संबंध में मुख्यमंत्री द्वारा औपचारिक मंजूरी प्रदान की गई है, जिससे अधिवक्ताओं को अब बेहतर सुविधाएं मिल सकेगा इस निर्णय से कैसरगंज बार एसोसिएशन के पदाधिकारी में खुशी का माहौल है। बार एसोसिएशन के पदाधिकरी ने इस पहल के लिए पदम सेन चौधरी का हृदय से आभार व्यक्त किया है। अधिवक्ताओं का कहना है कि इस सुविधा से उनके कार्य में सुगमता आएगी और न्यायिक प्रक्रिया को भी मजबूती मिलेगी।

# लेन-देन विवाद में मारपीट, चार नामजद पर मुकदमा दर्ज

**तीन दिन बाद हरकत में आई पुलिस**

अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच। थाना फखरपुर क्षेत्र के ग्राम नकौड़ी शाहपुर में पैसे के लेन-देन को लेकर हुआ विवाद मारपीट तक पहुंच गया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नकौड़ी शाहपुर निवासी अरुण कुमार ने थाना फखरपुर में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि गांव के ही बनारसी लाल वर्मा समेत चार लोगों ने रुपये के लेन-देन को लेकर उसके भाई सौरभ को लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की। हमले में सौरभ गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही बेहोश हो गया। परिजनों द्वारा उसे तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया ।पीड़ित का आरोप है कि घटना के दौरान आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक बहराइच को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई, जिसके बाद थाना फखरपुर पुलिस हरकत में आई ।पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 115(2)/ 351(3) /352/ 110 बीएनएस के तहत बनारसी लाल वर्मा समेत चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि घटना के करीब तीन दिन बाद मुकदमा दर्ज किया गया ।थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की विवेचना चौकी प्रभारी कुण्डासर पूर्णेश नारायण पाण्डेय को सौंपी गई है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित

**समाज के सच्चे मार्गदर्शक होते हैं शिक्षकः बीएसए**

अमन लेखनी समाचार



रिसिया, बहराइच। विकास क्षेत्र रिसिया अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों के सेवानिवृत्त शिक्षकों वसी अहमद, रामकृपाल कपूर, संदीप कुमार, राबिया बानो, तलत मोईन, प्रज्ञा साहू, सविता शर्मा , रीता दूवे, आदि का सम्मान समारोह ब्लॉक संसाधन केंद्र रिसिया के सभागार में आयोजित किया गया। इस दौरान सेवानिवृत्त शिक्षकों को उनके सेवाकाल के दौरान विद्यालयों में दिए गए अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया और उनके स्वस्थ-सुखी जीवन हेतु शुभकामनाएं दी गईं। खण्ड शिक्षा अधिकारी पुष्पेंद्र कुमार जैन के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने कहा, ₹शिक्षक समाज के सच्चे मार्गदर्शक होते हैं और उनके द्वारा प्रदान की गई शिक्षा जीवनभर प्रेरणा देती है ।₹ उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षकों के समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा एवं अनुशासन की सराहना करते हुए उनके योगदान को अविस्मरणीय बताया। इस अवसर पर निपुण विद्यालयों के साथ-साथ विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं में चयनित छात्र-छात्राओं एवं उनके मार्गदर्शक शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों और शिक्षकों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौड़, मंत्री रविकांत ओझा, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सईदअहमद अंसारी, मंत्री वीरेंद्र पाल सिंह, जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष जय प्रकाश, मंत्री संजय सिंह तथा कार्यालय में कार्यरत कार्मिक रवि शंकर, कनिष्ठ सहायक प्रमोद सिंह, जितेंद्र कुमार, संजय गौतम, शिवसरन श्रीवास्तव लेखाकार, शुभम साहू, अबू दरदा, राम गोपाल विश्वकर्मा सहित भारी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# बाबागंज मे हुआ पर्यावरण संरक्षण एवं साड़ी वितरण कार्यक्रम

**सबका साथ सबका विकास की मुख्य धारा से सबको जोड़ना उद्देश्य: ब्लॉक प्रमुख**

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा

बहराइच। शुक्रवार को मां राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित पर्यावरण संरक्षण एवं साड़ी वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ब्लॉकप्रमुख नवाबगंज जयप्रकाश सिंह ने कहा कि हम सभी ने तय किया है कि हमारे समाज के जो भी लोग हैं, उनके साथ बिना भेदभाव के मिलकर कार्य करेंगे। कही भी अगर किसी कार्य की आवश्यकता है तो बताइए हम उस कार्य को प्राथमिकता से करवाएंगे। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा रमेश सिंह रावत ने कहा कि आज नशे का प्रचलन बहुत बढ़ गया है। यह बहुत ही दुखदाई है, साथ ही जो युवा नशे के शिकार हो रहे हैं उन्हें बचाना होगा। हम सभी जिम्मेदार नागरिक बनते हुए नशे का पुरजोर विरोध करें। अंत दुर्गेश वर्मा ने सभी सम्मानित अतिथियों




को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम अंत में 100 महिलाओं को साड़ी एवं 25 पुरुषों को पैंट शर्ट प्रदान किया गया। इस मौके पर एस पी सिंह, अरुण राव, मुन्ना यादव, संतोष सिंह, राजेश सिंह, आशा राम, पवन सिंह, रोहित सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# संविलियन विद्यालय नौव्वागांव में मनाया गया वार्षिकोत्सव

**मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित**

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। शिक्षा क्षेत्र नवाबगंज में बीते गुरुवार को संविलियन विद्यालय नौव्वागांव में वार्षिकोत्सव, परीक्षाफल वितरण व सम्मान समारोह कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर ब्लॉक प्रमुख जय प्रकाश सिंह व विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वार्षिकोत्सव समारोह का शुभारंभ स्वागत गीत के साथ हुआ ।प्रधानाध्यापक प्रदीप त्रिपाठी द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, माल्यार्पण और बैच अलंकरण कर किया गया। अतिथियों द्वारा एनएमएमएस में चयनित छात्र रुचि गुप्ता, अरविंद श्रीवास्तव, आसिफ रजा, हजरत अली, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बहराइच में चयनित वैष्णवी देवी, संजनी देवी, दीपांशी देवी, तथा अटल आवासीय विद्यालय गोंडा में चयनित दीपांशी देवी सहित 2025-26 सत्र में सेवानिवृत शिक्षक सोहराब खान, अमीरुल हसन, कैलाश नाथ वर्मा कों शाल, धार्मिक पुस्तक तथा छात्र-छात्राओं कों मेडल, शील्ड, और माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया ।छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जेपी सिंह ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में भी बेहतर शिक्षण का माहौल बन रहा है पहले वार्षिक उत्सव, विदाई समारोह, प्रवेश उत्सव जैसे कार्यक्रम सिर्फ प्राइवेट स्कूलों में देखे जाते थे लेकिन आज संविलियन विद्यालय नौव्वागांव में इस तरह का कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय है। वही बीईओ श्री वर्मा नें विद्यालय शिक्षकों की सराहना करते हुए बच्चों की भी भूरी भूरी प्रशंसा की ।उन्होंने कहा कि अच्छी शिक्षा और संस्कार ही जीवन को सही दिशा देते हैं। अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें ताकि वह देश के भविष्य बन सके ।अंत में मेधावी विद्यार्थियों को शुभकामनायें प्रेषित किया। इस मौके पर अरविंद कुमार वर्मा अध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ नवाबगंज सहित जीतेन्द्र शर्मा, विनोद गिरि, सुग्रीव वर्मा महामंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ, राजेश वर्मा उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ, संकुल जंगली प्रसाद, सहित माधवराव, विनोद पांडे, अखिलेश कुमार, विजय कुमार मिश्र, आलोक कुमार, युगुल किशोर, करुणावर्मा, महेश वर्मा आदि शिक्षक -शिक्षिकाएं व अभिभावकगण मौजूद रहे।

# रेडियो केवल सूचना का यंत्र नहीं, बल्कि अंतिम व्यक्ति तक 'वास्तविक परिवर्तन' पहुँचाने का सशक्त माध्यमः जयंतधर द्विवेदी

**सेहत सही, लाभ कई₹ परियोजना के तहत SMART संस्था (नई दिल्ली) और रेडियो सरजू ने वृद्धाश्रम में जगाई स्वास्थ्य की अलख**

**बुजुर्गों ने लिया स्वयं को और दूसरों को टीबी मुक्त बनाने का सामूहिक संकल्प**

अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा



बहराइच। जनपद के वरिष्ठ नागरिकों को टीबी (क्षय रोग) के प्रति जागरूक करने और उनके मानसिक संबल हेतु रेडियो सरजू 89.6 FM और SMART (Seeking Modern Application for Real Transformatio), नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। 'सेहत सही, लाभ कई' अभियान के अंतर्गत यह फील्ड विजिट और नैरोकास्टिंग कार्यक्रम चितौरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत अमीनपुर नगरौर स्थित वृद्धाश्रम में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं संयोजक जयंतधर द्विवेदी ने बुजुर्गों के साथ सीधा संवाद स्थापित करते हुए टीबी रोग के शुरूआती लक्षणों, समय पर जांच और नियमित उपचार की अनिवार्यता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि ₹रेडियो केवल मनोरंजन या सूचना का यंत्र नहीं है, बल्कि यह समाज के अंतिम व्यक्ति तक वास्तविक परिवर्तन (Real Transformatio) पहुँचाने का सबसे सशक्त और सुलभ माध्यम है ।₹ उन्होंने बुजुर्गों को प्रेरित करते हुए बताया कि स्वस्थ जीवन ही सबसे बड़ी पूंजी है और टीबी मुक्त भारत के संकल्प में वरिष्ठ नागरिकों का अनुभव, सहयोग औ? उनकी जागरूकता अत्यंत महत्वपूर्ण है। संवाद कार्यक्रम के दौरान टीबी के लक्षणों और उपचार के साथ-साथ सरकारी योजनाओं में बुजुर्गों की भागीदारी पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में वृद्धाश्रम के सभी बुजुर्गों ने इस स्वास्थ्य पहल की सराहना की और एक-दूसरे को टीबी मुक्त समाज के लिए जागरूक करने का सामूहिक संकल्प लिया। रटअफळ संस्था के मूल मंत्र 'आधुनिक अनुप्रयोगों के माध्यम से वास्तविक परिवर्तन' को चरितार्थ करते हुए, वृद्धजनों के निरंतर मनोरंजन और स्वास्थ्य अपडेट के लिए टीम द्वारा वृद्धाश्रम प्रबंधक दिलीप द्विवेदी को एक रेडियो सेट प्रदान किया गया। अब आश्रम के बुजुर्ग रेडियो सरजू पर प्रसारित होने वाले ज्ञानवर्धक और स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों का सीधा लाभ उठा सकेंगे। इस अवसर पर टीम रेडियो सरजू से इंद्रजीत मिश्र, वृद्धाश्रम के प्रबंधक दिलीप द्विवेदी, आश्रम के समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में उत्साहित बुजुर्ग उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित कार ने दो बाइक सवारों को मारी टक्कर दो की मौत, तीन घायल

**हादसा**

अमन लेखनी समाचार





बांगरमऊ, उन्नाव। अनियंत्रित हुई तेज रफ्तार कार दो बाईकों में टक्कर मारती हुई खंती में जाकर पलट गई इस दर्दनाक हादसे दोनो बाईकों पर सवार एक एक कुल दो लोगो की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो हुए ।हादसे की सूचना पर पुलिस ने मृतकों के शव पोस्टमार्टम भेज दिए गए जबकि घायलों को सी एच सी बांगरमऊ से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

कहा जा रहा है कि एक तेज रफ्तार कार बांगरमऊ से लखनऊ की तरफ जा रही थी तभी शुक्रवार को शाम तकरीबन 6 बजे कोतवाली क्षेत्र के गांव सुरसेनी के निकट वह किसी वाहन को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित हो गई तथा बांगरमऊ की तरफ आ रहे दो अलग अलग बाईकों पर सवार पांच लोगों को टक्कर मारती हुई खंती में जाकर पलट गई हादसे के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को बांगरमऊ अस्पताल लाया गया जहा पर डाक्टरों एक बाइक पर सवार महरूस 50 वर्ष निवासी पीखी सफीपुर जबकि दूसरी बाइक पर सवार वीरेंद्र पुत्र जीत बहादुर निवासी कृष्णानगर बांगरमऊ को को मृत घोषित कर दिया ।जबकि घटना में घायल 45 वर्षीय जरीना व 8 वर्षीय बच्ची ज़िकरा तथा उमेश इन तीनों की गंभीर हालत देखते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया

हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हादसे के बाद से मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा रहा।

# बच्चे की पिटाई का विरोध करने पर जानलेवा हमला

**प्रतापगढ़ में पिता-पुत्रों का पीटकर किया अधमरा, दो आरोपी हिरासत**

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ , मानधाता थाना क्षेत्र में एक बच्चे की पिटाई का विरोध करने पर उसके पिता और दो बेटों पर जानलेवा हमला किया गया। इस हमले में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दो को हिरासत कर लिया है। घटना रामपुर गांव में हुई। गांव निवासी अब्दुल हमीद का छह वर्षीय पौत्र मो. तैमूर स्कूल से घर लौट रहा था। आरोप है कि पुरानी रंजिश के कारण पड़ोस के कुछ लोगों ने रास्ते में उसे पीटकर घायल कर दिया। शाम को अब्दुल हमीद अपने बेटों तौहीद और मो. समीर के साथ आरोपियों के घर शिकायत करने पहुंचे। वहां आरोपियों के परिवार के सदस्यों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में अब्दुल हमीद और उनके दोनों बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर कुछ महिलाएं बीच-बचाव के लिए आईं, लेकिन हमलावरों ने उनके साथ भी मारपीट की। पीड़ित अब्दुल हमीद की शिकायत पर पुलिस ने मो. तौसीफ, मो. तौकीर, मो. तफ्सीर और सबीना बानों के खिलाफ जानलेवा हमले सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी मो. तौसीफ और मो. तौकीर को बकुलाही नदी पुलिया के पास से हिरासत कर लिया।

# कोर्ट को ई-मेल कर बम से उड़ाने की धमकी

**जला जज के पास आया मैसेज, जांच में नहीं मिली कोई संदिग्ध चीज**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़, जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी जिला जज की आधिकारिक ईमेल आईडी पर भेजी गई, जिसके बाद न्यायिक और पुलिस प्रशासन तुरंत अलर्ट हो गया। जानकारी के अनुसार, बीती रात करीब 1 बजे जिला जज के ऑफिशियल ईमेल आईडी पर एक संदेश प्राप्त हुआ। इसमें आज दोपहर 1:30 बजे न्यायालय परिसर को बम से उड़ाने की बात कही गई थी। सुबह ईमेल देखने के बाद मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल पुलिस अधीक्षक (एसपी) को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस महकमा सक्रिय हो गया। एसपी के निर्देश पर पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों की टीमों ने जिला न्यायालय परिसर में सघन तलाशी अभियान चलाया। डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ता भी मौके पर बुलाया गया और पूरे परिसर की बारीकी से जांच की गई। हालांकि, तलाशी के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बावजूद, सुरक्षा के मद्देनजर न्यायालय परिसर में सतर्कता बढ़ा दी गई है। पुलिस ने एहतियातन सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया है और आने-जाने वालों की सघन चेकिंग की जा रही है ।वहीं, साइबर टीम को ईमेल भेजने वाले की पहचान और लोकेशन ट्रेस करने के लिए लगाया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही आरोपी को चिन्हित कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद न्यायालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

## संक्षेप

### धमकाकर 15 हजार रिश्वत लेने वाला मुख्य गन्ना अधिकारी गिरफ्तार

**बागपत में बाबू से कहा था– पैसे दो वरना चौकीदारी करवाऊंगा**

बागपत , कोऑपरेटिव शुगर मिल के मुख्य गन्ना अधिकारी राजदीप बालियान को 15 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया है। गन्ना तौल लिपिक ने राजदीप बालियान पर गन्ना क्रय केंद्र पर ड्यूटी लगाने के लिए रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था।लिपिक विशेष कुमार ने इस संबंध में मेरठ एंटी करप्शन टीम से शिकायत की थी। शिकायत के बाद टीम ने जाल बिछाया और मुख्य गन्ना अधिकारी को उनके कार्यालय से रंगे हाथों रिश्वत लेते हुए पकड़ा। राजदीप बालियान को खींचते हुए एंटी करप्शन टीम कोतवाली ले गई, जहां उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। लिपिक से कहा- पैसे दो वरना चौकीदारी करवाऊंगा शिकायतकर्ता विशेष कुमार ने बताया- उन्होंने मुख्य गन्ना अधिकारी राजदीप बालियान से गन्ना माप-तौल केंद्र पर ड्यूटी लगाने की मांग की थी। लेकिन राजदीप ने उनसे 15 हजार की रिश्वत मांगी। धमकी दी थी- अगर पैसे नहीं दिए तो नौकरी गन्ना मिल के गेट पर लगा दूंगा। तुझसे चौकीदारी करवाउंगा। सिविल ड्रेस में पहुंची एंटी करप्शन टीम बुधवार दोपहर करीब 12:30 बजे मेरठ से एंटी करप्शन की 7 सदस्यीय टीम डीएम कार्यालय से 4 किलोमीटर दूर गन्ना मिल में स्थित मुख्य गन्ना अधिकारी के कार्यालय पहुंची। टीम सिविल ड्रेस में थी।टीम ने मुख्य गन्ना अधिकारी को रंगे-हाथ पकड़ने के लिए जाल बिछाया। दोपहर करीब 1:30 बजे जैसे ही विशेष कुमार ने राजदीप को 15 हजार रुपए थमाए, वैसे ही टीम ने रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद टीम उन्हें पकड़कर कोतवाली ले गई। फिलहाल टीम कोतवाली में आरोपी से पूछताछ कर रही है। इसके बाद उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर टीम उन्हें मेरठ ले जाएगी। एक साल पहले भी लगे थे आरोप विभागीय कर्मचारियों ने बताया- एक साल पहले भी मुख्य गन्ना अधिकारी के खिलाफ लिपिक विशेष कुमार ने ही घूसखोरी और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कार्यालय में धरना-प्रदर्शन किया था। विशेष कुमार ने आरोप लगाया था कि राजदीप बालियान पैसे लेकर अपने पसंदीदा कर्मचारियों को मनपसंद तौल केंद्र पर ड्यूटी देते हैं। पैसे न देने पर प्रताड़ित करते हैं। मालूम हो कि महज तीन दिनों के भीतर ये दूसरी बड़ी कार्रवाई है। इससे पहले बागपत की खेकड़ा तहसील में एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई की थी, जहां एसडीएम खेकड़ा के निजी ड्राइवर को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया था। उस मामले में भी जमीन की कुरेबंदी के नाम पर रिश्वत मांगी गई थी।

### दीवार निर्माण विवाद में परिवार पर हमला

**मारपीट में कई लोग घायल, आरोपियों की तलाश कर रही पुलिस**

बागपत, जनपद के खेकड़ा कस्बे में दीवार निर्माण को लेकर हुए विवाद में एक परिवार पर हमला किया गया। इस घटना में परिवार के कई सदस्य घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित परिवार की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश जारी है। पीड़ित परिवार के सदस्य राधेश्याम ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाले समीर ने चाकू लेकर उनके एक बच्चे पर हमला किया।

# धारदार हथियार से हमलाकर चौकीदार की हत्या

## चारपाई पर मिली खून से लथपथ डेडबॉडी, बेटा जगाने पहुंचा तब जानकारी हुई

अमन लेखनी समाचार


हजारीलाल, मृतक

प्रयागराज, 70 साल के चौकीदार की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई। सुबह देर तक सो कर नहीं उठे तो बड़ा बेटा जगाने पहुंचा। उसने देखा कि उसके पिता की लाश खून से सनी चारपाई पर पड़ी थी। उसने पुलिस को फोन कर सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसीपी करछना और डॉग स्क्वायड की टीम भी मौके पर पहुंची। घरवालों और गांव वालों से बात की। नैनी के धनुहा के रहने वाले हजारीलाल 70 वर्ष के पांच बेटे और दो बेटियां हैं। पांचों बेटे मजदूरी का काम करते हैं, जबकि हजारी लाल खुद घर से 50 मीटर दूर ठकुरी का पुरवा निवासी राजबहादुर निषाद के बालू और गिट्टी के एक ठेके पर चौकीदारी करते थे। हजारी लाल पिछले 1 साल से यह काम कर रहे थे। बताया जा रहा है कि वह रोज भोर में करीब पांच बजे सोकर उठ जाते थे। शुक्रवार की भोर में वह सोकर नहीं उठे। इसके बाद उनका बड़ा बेटा गंगा भारतीय उन्हें जागने के लिए पहुंच गया। उस दौरान उसने देखा कि उसके पिता की लाश खून से लतपथ चारपाई पर पड़ी थी। उनके सीने और चेहरे के साथ आंख पर किसी लोहे की वस्तु से वार किया गया था। घटनास्थल पर काफी भीड़ जुड़ गई। पुलिस ने भीड़ को संभाला और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के इए भेज दिया है। गांव के रहने वाले कमलेश ने बताया कि हजारी एक साल से काम कर रहे थे। रोज मेरे सामने ही चारपाई पर बैठे रहते थे। गुरुवार की रात में भी वह खाना खाने के बाद उसी चारपाई पर सो गए थे।उनकी किसी से दुश्मनी भी नहीं थी। अब हत्या किसने की यह पता नहीं। ठेकेदार राजबहादुर निषाद ने बताया कि रोज की तरह गुरुवार की शाम 7 बजे हम यहां से अपने घर चले गए। उसके बाद सुबह मुझे फोन पर जानकारी दी गई कि हजारी की हत्या हो गई। इसके बाद मै भागकर मौके पर पहुंचा। हजारी को खुद उसके खर्चे के लिए दो हजार रुपए देते थे। घटना स्थल से करीब 200 मीटर दूरी तक डॉग स्क्वॉड टीम और एसओजी टीम ने सर्च किया। लेकिन टीम को मौके पर कोई साक्ष्य नहीं मिले। एसीपी करछना सुनील कुमार सिंह ने बताया कि भोर में करीब 5 बजे 112 की सूचना पर पुलिस पहुंची है। इसके बाद शव की शिनाख्त करते हुए जांच पड़ताल की। डॉग स्क्वॉड टीम ने भी साक्ष्य जुटाए है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जल्द ही आरोपी गिरफ्तार किए जाएंगे।

# यौन संबंध के बाद ब्लैकमेलिंग पर हाईकोर्ट बोला- खतरनाक हालात

## ऐसे तो जीना मुश्किल हो जाएगा, मेरठ पुलिस एक्शन ले

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , यौन संबंध बनाकर ब्लैकमेलिंग (हनीट्रैप) के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाई है। जस्टिस जेजे मुनीर और जस्टिस तरुण सक्सेना की डिवीजन बेंच ने कहा, यूपी पुलिस ऐसे गिरोह के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करे। हाईकोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा, ह्यसमाज के लिए ऐसे मामले बहुत खतरनाक हैं। इसे रोका न गया तो सभ्य समाज में जीना मुश्किल हो जाएगा। अदालत ने पांच आरोपियों के खिलाफ जबरन वसूली के मामले को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। आरोपियों में दो पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। इन लोगों पर एक व्यक्ति ने हनीट्रैप में फंसाकर ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाया था अदालत के सामने यह मामला 30 मार्च को पेश हुआ था, जो गुरुवार को सामने आया। महिला ने निजी पलों के वीडियो रिकॉर्ड किए बिजनौर के थाना किरतपुर क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति ने जनवरी में पुलिस से शिकायत की। बताया, वॉट्सएप पर एक महिला ने उससे दोस्ती की। इसके बाद अपने झूठे प्रेम जाल में फंसा लिया। फिर उसे शहर के एक होटल में बुलाया। शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान महिला ने उसके न्यूड फोटो-वीडियो बना लिए। इसके बाद आरोपी महिला ने उसे ब्लैकमेल करना शुरू किया। मामले को निपटाने के लिए रुपए की डिमांड की। आरोपियों ने उसे एक जगह मोतीचूर पर बुलाया। आरोपियों ने पहले 10 लाख रुपए मांगे। फिर कहा कि 8 लाख में मामला निपट सकता है। इसके बाद पीड़ित ने थाने में शिकायत कर दी। पीड़ित ने बताया एक सभासद, 2 पुलिसकर्मी समेत 5 लोग इस गैंग में शामिल थे।

# भाजपा नेता अर्जुन ढिंडाला ने देविका कुंडु को दी बधाई

**बोले– बेटियों के लिए बनीं प्रेरणा, पीसीएस में सफलता पाकर बनीं वाणिज्यिक कर अधिकारी**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , ग्राम ढिंडाला निवासी मेधावी देविका कुंडु का उत्तर प्रदेश पीसीएस परीक्षा में चयन वाणिज्यिक कर अधिकारी पद पर होने से गांव में खुशी का माहौल है। भाजपा नेता अर्जुन ढिंडाला अपने साथियों के साथ देविका के आवास पहुंचे और उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर अर्जुन ढिंडाला ने कहा कि गांव की बेटी ने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे ढिंडाला और क्षेत्र का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन किया है। उनकी इस सफलता से क्षेत्र की अन्य बेटियों के आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी और वे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगी। उन्होंने देविका के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है। इस अवसर पर सोहनपाल (चेयरमैन), जसवंत सिंह, रविंद्र मलिक, रोहित सांगवान, पंकज विहान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जिम और पार्लर में महिला स्टॉफ अनिवार्य करने की मांग

## नारी सुरक्षा कमेटी का डीएम ऑफिस में प्रदर्शन, बोलीं- जेंट्स टेलर नहीं लें महिलाओं का नाप

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,नारी सुरक्षा सम्मान कमेटी ने जिम व पार्लर में महिला स्टॉफ अनिवार्य करने की मांग की। उन्होंने इस संबंध में डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। कमेटी ने ब्यूटी पार्लरों और जिम में महिलाओं के साथ असहज व्यवहार और छेड़छाड़ की बढ़ती शिकायतों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष नियम लागू करने की मांग की। कमेटी ने हाल ही में हुई एक घटना का उल्लेख किया। ग्राम सिलौली निवासी अशोक पुंडीर अपनी पत्नी के साथ ₹पार्लर₹ में बाल कलर कराने गए थे। आरोप है कि पार्लर में कार्यरत कारीगर ने बाल धोने के बहाने महिला के साथ गलत नीयत से छेड़छाड़ की। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। थाना मेडिकल पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी शोएब (पुत्र एजाजुद्दीन, उम्र लगभग 40 वर्ष, निवासी हापुड़ रोड, सिटी हॉस्पिटल वाली गली थाना लिसाड़ी गेट को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

### जेंट्स टेलर ना ले महिलाओं का नाप

कमेटी ने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं से महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुँचती है और समाज में असुरक्षा का वातावरण बनता है। उन्होंने डीएम से इस विषय को गंभीरता से लेने और आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया। पदाधिकारी ने कहा कि शहर के अधिकतर टेलर की दुकान में विशेष समुदाय के लोग कार्य करते हैं। कहा कि महिलाओं का नाप महिला टेलर ही लें, ऐसे लोग नाप लेते हुए भी महिलाओं से छेड़छाड़ करते हैं।

### जिम में हो गर्ल्स स्टॉफ

कमेटी की प्रमुख मांगों में ब्यूटी पार्लरों, जिम और लेडीज टेलर का अनिवार्य पंजीकरण एवं सत्यापन शामिल है। उन्होंने यह भी मांग की कि ब्यूटी पार्लरों में महिलाओं के लिए केवल महिला कर्मचारी कार्यरत हों, जिम में महिला प्रशिक्षक हों और लेडीज टेलर के यहाँ माप लेने के लिए महिला टेलर ही उपलब्ध हों। अन्य मांगों में सभी ब्यूटी पार्लरों में सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा मानकों को अनिवार्य करना, नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कड़ी प्रशासनिक कार्यवाही करना और प्रशासन द्वारा समय-समय पर निरीक्षण एवं निगरानी की व्यवस्था करना शामिल है।

संगठन ने उम्मीद जताई कि प्रशासन शीघ्र संज्ञान लेकर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।

# 23 साल तक बंधक बनाकर कराई मजदूरी

**8 फीट दीवार कूदकर भागा, मिली आजादी**

अमन लेखनी समाचार




दौराला (मेरठ), जिले के दौराला थाना क्षेत्र से बंधुआ मजदूरी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने प्रशासनिक व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लखनऊ निवासी एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि उसे 23 वर्षों तक बंधक बनाकर जबरन मजदूरी कराई गई। किसी तरह जान बचाकर भागे पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।रोजगार की तलाश बनी जिंदगी की सबसे बड़ी भूलपीड़ित शिवनाथ, जो रहीमाबाद थाना क्षेत्र के रुसेना गांव का निवासी है, ने बताया कि करीब 23 साल पहले वह रोजगार की तलाश में मेरठ आया था। इसी दौरान वह रास्ता भटक गया, जहां उसे कथित तौर पर जबरन पकड़कर बंधक बना लिया गया। एक छोटी सी चूक उसकी पूरी जिंदगी पर भारी पड़ गई।घर में कैद कर वर्षों तक कराया कामशिवनाथ का आरोप है कि आरोपी राहुल चौधरी और उसके परिवार ने उसे अपने घर में कैद रखा। उससे खेतों में मजदूरी और पशुओं की देखभाल जैसे काम लगातार कराए गए। हैरानी की बात यह है कि इतने लंबे समय तक उसे न तो कोई मजदूरी दी गई और न ही घर लौटने दिया गया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी पीड़ित के अनुसार, आरोपी उसे लगातार जान से मारने की धमकी देते थे, जिससे वह भय के साए में जीने को मजबूर रहा। उसने कई बार भागने की कोशिश की, लेकिन हर बार डर ने उसे रोक दिया। यह मामला केवल एक व्यक्ति की पीड़ा नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में छिपे शोषण के कड़वे सच को भी उजागर करता है।8 फीट दीवार कूदकर भागा, मिली आजादीशिवनाथ ने बताया कि 13 मार्च को एक व्यक्ति की मदद से उसे भागने का मौका मिला। उसने हिम्मत जुटाई और करीब 8 फीट ऊंची दीवार कूदकर वहां से फरार हो गया। वर्षों की कैद के बाद मिली यह आजादी उसके लिए किसी चमत्कार से कम नहीं थी।

# निवाड़ी शूटिंग रेंज में लगी आग

## सूचना देने के बाद भी नहीं पहुंची फायर ब्रिगेड, किसान फसल को लेकर चिंतित

अमन लेखनी समाचार



मोदीनगर , कस्बा निवाड़ी स्थित एक शूटिंग रेंज के कबाड़ में सुबह आग लग गई। आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी गई, लेकिन काफी देर तक दमकल की गाड़ियां मौके पर नहीं पहुंचीं। इससे आसपास के किसानों में अपनी फसलों को आग की चपेट में आने का डर सता रहा है। यह घटना मॉड्यूलर निवाड़ी मार्ग पर डीजे डेंटल कॉलेज के सामने स्थित शूटिंग रेंज परिसर में हुई। शूटिंग रेंज को विश्व स्तरीय बनाने का काम चल रहा है। सुबह करीब 10 बजे अचानक परिसर में आग लग गई, जिसने देखते ही देखते बड़ा रूप ले लिया। आग की लपटें ऊंची उठने लगीं, जिससे कॉलेज परिसर के छात्र अपनी कक्षाओं से बाहर आ गए। दमकल विभाग को आग लगने की सूचना तत्काल दी गई थी। हालांकि, बार-बार सूचना देने के बावजूद दमकल की कोई गाड़ी मौके पर नहीं पहुंची, जिससे आग पर काबू नहीं पाया जा सका। किसान दीपक त्यागी ने बताया कि उनके खेत शूटिंग रेंज के बिल्कुल पास हैं और उनमें गेहूं की फसल खड़ी है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि आग का विस्तार होता है, तो उनकी फसल भी इसकी चपेट में आ सकती है। इस संबंध में उप जिलाधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि आग बुझाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं।

# मेरठ कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी

## परिसर खाली कराया, सभी एंट्री पॉइंट बंद; सुरक्षा एजेंसियां जांच में जुटीं

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, एक अज्ञात कॉलर ने फोन पर अदालत परिसर को बम से उड़ाने की धमकी दी। धमकी ज्यूडिशियल के ऑफिशल ईमेल आई। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पूरे परिसर को कराया। धमकी मिलने के बाद बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड को तुरंत मौके पर बुलाया गया। सुरक्षा एजेंसियों ने कचहरी के हर हिस्से की गहन तलाशी ली। संभावित खतरे को देखते हुए मुख्य गेट सहित सभी प्रवेश मार्गों को बंद कर दिया गया। आम लोगों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगा दी गई।

### कामकाज पूरी तरह ठप

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह धमकी एक फोन कॉल के जरिए दी गई थी। किसी भी तरह की लापरवाही से बचने के लिए तत्काल सख्त कदम उठाए गए। परिसर के अंदर मौजूद वकीलों, कर्मचारियों और अन्य सभी लोगों को तुरंत बाहर निकाला गया। इस घटना के कारण कचहरी का कामकाज पूरी तरह ठप हो गया, जिससे दूर-दराज से आए लोगों को काफी परेशानी हुई। पूरे इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है और चप्पे-चप्पे पर कड़ी नजर रखी जा रही है। 2:00 बजे तक के लिए कचहरी परिसर में किसी भी बाहर के व्यक्ति की एंट्री नहीं होगी। पुलिस ने पूरे कचहरी परिसर को सुरक्षा घेरे में ले लिया है और जांच कर रही

### सर्विलांस के जरिए नंबर ट्रेस करने की कोशिश

पुलिस टीम फिलहाल कॉल करने वाले व्यक्ति की पहचान करने में जुटी है। सर्विलांस के जरिए नंबर ट्रेस करने की कोशिश की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है और हर पहलू की जांच की जा रही है। गौरतलब है कि मेरठ कचहरी को पहले भी इस तरह की धमकियां मिल चुकी हैं। इससे सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

# दो मेट्रो रूट के लिए जारी होंगे टेंडर

**क्लॉज बनाने के लिए टेक्निकल सलाहकार का होगा चयन, तीसरे रूट की दोबारा बनेगी डीपीआर**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , तीन मेट्रो प्रोजेक्ट प्रस्तावित है। जिसमें से दो रूट सेक्टर-142 से बॉटेनिकल गार्डन और ग्रेटर नोएडा डिपो से जुनपत तक को को शहरी आवास विकास मंत्रालय (महुआ) से अनुमति मिल गई है। सीईओ कृष्णा करुणेश ने बताया कि दोनों रूट बनाने के लिए एक टेक्निकल सलाहकार नियुक्त किया जा रहा है। ये टेंडर क्लाज बनाएगा। जिसे मध्य अप्रैल तक जारी किया जाएगा। टेंडर ग्लोबली हो सकता है।तीसरा रूट सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा सेक्टर-4 तक है।इसके लिए दोबारा से डीपीआर बनाकर इसे मंत्रालय भेजा जा रहा है। वहां से अप्रूवल के बाद इस रूट के लिए स्वाइल टेस्टिंग की जाएगी। तीसरा रूट ही गाजियाबाद से आने वाली आरआरटीएस को जोड़ेगा जोकि जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक जाएगी। इस तरह दिल्ली मेट्रो और नोएडा मेट्रो एयरपोर्ट तक एक लिंक रूट बना देंगी।पहले जानते है वो दो रूट जिनके लिए चयनित होगा टेक्निकल सलाहकार नोएडा से बॉटेनिकल गार्डन तकबॉटेनिकल गार्डन सेक्टर-142 तक बढ़ाने मेट्रो कॉरिडोर को बनाया जाएगा।

# 10 घंटे सर्जरी, उज्बेकिस्तान की बच्ची को मिला नया जीवन

## नोएडा के अस्पताल में हुई सर्जरी, डॉक्टरों ने कम की आंखों के बीच की दूरी

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, मैक्स अस्पताल के डॉक्टरों ने उज्बेकिस्तान की 6 साल बच्ची का सफल इलाज किया। बच्ची को एक दुर्लभ जन्मजात बीमारी पैरामीडियन क्रेनियोफेशियल क्लेफ्ट विद हाइपरटेलोरिज्म थी। इस कॉम्प्लेक्स स्थिति के कारण बच्ची के चेहरे की हड्डियों का विकास असमान्य था, जिससे उसकी आंखें बहुत ज्यादा दूर-दूर थी। नाक का सिरा विभाजित था और नाक चपटी दिखाई दे रही थी। सर्जरी विभाग के सीनियर डायरेक्टर डॉ. आशीष राय और न्यूरो सर्जरी विभाग के प्रिंसिपल कंसल्टेंट डॉ. प्रांकुल सिंघल के नेतृत्व में डॉक्टरों की मल्टी-डिसिप्लिनरी टीम ने बच्ची की कॉम्प्लेक्स क्रेनियोफेशियल रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी की। ये सर्जरी करीब 10 घंटे तक चली। आंखों के पास की हड्डी काटी, दोबारा बनाई नाकडॉ. आशीष राय ने बताया कि ये बेहद दुर्लभ और तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण केस था। बच्ची की उम्र कम होने के साथ खोपड़ी, मस्तिष्क और आंखों जैसे संवेदनशील अंगों की इंवॉल्वमेंट के कारण सर्जरी के लिए बहुत सटीक और विस्तृत प्लानिंग की आवश्यकता थी। उसकी आंखों के बीच की दूरी लगभग 45 मिमी थी, जो सामान्य 25झ30 मिमी से काफी अधिक थी। हमारा लक्ष्य सिर्फ चेहरे की बनावट को सामान्य करना ही नहीं, बल्कि उसकी दृष्टि को सुरक्षित रखना और ऑप्टिक नर्व्स व मस्तिष्क जैसे महत्वपूर्ण हिस्सों की रक्षा करना भी था। सर्जरी के दौरान आंखों के आसपास की हड्डियों को बेहद सटीकता से काटकर दोबारा व्यवस्थित किया गया और नाक की संरचना का पुनर्निर्माण किया गया।

# नोएडा यमुना सिटी में बढ़ी आवंटन दर लागू

## सभी प्रकार की संपत्तियों पर 3.58% की बढ़ोतरी, एयरपोर्ट और फिल्म सिटी वजह

अमन लेखनी समाचार




नोएडा ,यमुना एक्सप्रेसवे विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में सभी प्रकार की संपत्तियों की आवंटन दरों में 3.58 फीसदी तक की बढ़ोतरी आज से लागू हो गई। इससे यहां मकान और दुकान खरीदना महंगा गया। नई दरें औद्योगिक श्रेणी पर भी लागू होंगी। ऐसे में प्रॉपर्टी को खरीदने के लिए आपको ज्यादा जेब ढीली करनी होगी। यीडा ने मिक्स लैंड यूज श्रेणी में औद्योगिक, संस्थागत और रिक्रियशनल में 75 फीसद, आवासीय में 12 फीसद, वाणिज्यक में आठ और संस्थागत में पांच फीसद तक की बढ़ोतरी की है। इसके अलावा यीडा ने आवासीय टाउनशिप में आवंटन दर को 39,258 से बढ़ाकर 40,670 रुपये प्रति वर्गमीटर, जबकि कॉरपोरेट ऑफिस के लिए आवंटन दर को 52,500 से बढ़ाकर 54,380 रुपये प्रति वर्गमीटर कर दिया है। बोर्ड में लिया गया था फैसलायमुना सिटी में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट संचालन के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 मार्च को ही इसका उद्घाटन किया था। अब अप्रैल में अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी का निर्माण शुरू हो जाएगा। यीडा ने एयरपोर्ट के उद्घाटन से पहले ही बोर्ड बैठक में शहर में सभी प्रकार की संपत्तियों की दरों में 3.58 फीसदी के इजाफा करने का निर्णय लिया था, जो आज से लागू हो जाएगा। तीन सालों में बढ़ी 40 फीसद दरयीडा क्षेत्र में पिछले तीन सालों में संपत्ति की दरें 40 फीसद तक बढ़ी हैं।

# क्षेत्र पंचायत सदस्य के मकान में लगी आग, गृहस्थी का सामान जलकर खाक

अमन लेखनी समाचार

मोंठ। थाना पूंछ क्षेत्र के ग्राम अमगांव में विद्युत शॉर्ट सर्किट के चलते क्षेत्र पंचायत सदस्य के कच्चे मकान में अचानक आग लग गई, जिससे घर में रखा पूरा गृहस्थी का सामान जलकर नष्ट हो गया। जानकारी के अनुसार, ग्राम अमगांव निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य विजय वंशकार के कच्चे मकान में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया और घर में रखा सामान धू-धू कर जलने लगा। आग की लपटें उठती देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में घर में रखे कपड़े, टीवी, कूलर, पंखा, नकदी, जेवरात, चारपाई, गेहूं, आटा सहित अन्य घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। पीड़ित विजय वंशकार के अनुसार इस घटना में करीब डेढ़ लाख रुपये का नुकसान हुआ है। अब उसके सामने दो वक्त की रोटी जुटा पाना भी मुश्किल हो गया है। रहने के लिए मकान और भोजन के लिए वह दूसरों पर निर्भर हो गया है। घटना की सूचना पर राजस्व विभाग के कर्मचारी व लेखपाल मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। साथ ही पीड़ित परिवार को शासन की ओर से आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया गया। गुरुवार को बीडीसी संघ के जिलाध्यक्ष आशीष गुर्जर व ब्लॉक अध्यक्ष मोंठ लालू सौजना पीड़ित क्षेत्र पंचायत सदस्य के घर पहुंचे और प्रशासनिक अधिकारियों व क्षेत्रीय विधायक से फोन के माध्यम से बात करते हुए पीड़ित को हर संभव मदद दिलाने की मांग की।



# गरौठा में अवैध खनन पर प्रशासन की कड़ी कार्रवाई, दो ट्रैक्टर जब्त

अमन लेखनी समाचार

गरौठा (झांसी)। जनपद झांसी के कोतवाली गरौठा क्षेत्र में लगातार मिल रही अवैध खनन की शिकायतों के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के रमौरा घाट पर लंबे समय से ट्रैक्टरों के माध्यम से अवैध खनन किया जा रहा था जिसकी सूचना प्रशासन को लगातार मिल रही थी। खनन माफियाओं के गुर्गे चप्पे-चप्पे पर तैनात रहकर अधिकारियों की गतिविधियों की लोकेशन तक साझा कर रहे थे, जिससे कार्रवाई में बाधा उत्पन्न हो रही थी। गुरुवार को गरौठा तहसील प्रशासन एवं पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया। एसडीएम और तहसीलदार गरौठा के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान अवैध खनन में लिप्त दो ट्रैक्टरों को मौके से पकड़ लिया गया। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है। उपजिलाधिकारी सुनील कुमार ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इससे क्षेत्र में अवैध खनन पर लगाम लगेगी।



# हनुमान जयंती व चित्रगुप्त प्राकट्य दिवस पर श्री परमहंस आश्रम में भव्य आयोजन

## श्रद्धालुओं ने लिया आस्था का लाभ

अमन लेखनी समाचार



रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र, जनपद सोनभद्र के रॉबर्ट्सगंज नगर स्थित श्री परमहंस आश्रम में गुरुवार को भगवान चित्रगुप्त के प्राकट्य दिवस एवं हनुमान जयंती के पावन अवसर पर परम श्रद्धेय श्री श्री 1008 स्वामी भगवानानंद जी महाराज की मूर्ति स्थापना का वार्षिक कार्यक्रम बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर आश्रम के महंत स्वामी श्री मुद्रा नंद सरस्वती जी महाराज, स्वामी कृष्णानंद जी महाराज एवं स्वामी रंगनाथ बाबा के सानिध्य में भव्य पूजन, आरती एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूरे आश्रम परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर दिखाई दिए महंत स्वामी मुद्रानंद सरस्वती जी महाराज ने अपने ओजस्वी प्रवचन में धर्म, सेवा और मानवता के महत्व पर प्रकाश डाला उनके प्रवचन को सुनकर उपस्थित श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय चित्रांश महासभा के जिलाध्यक्ष रतन कुमार श्रीवास्तव, विनोद कुमार श्रीवास्तव, डॉ. कुशुमाकर श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक दयानंद जी, रजिस्ट्रार कानूनगो अनिल श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, रमेश कुमार श्रीवास्तव, राकेश कुमार श्रीवास्तव, पुनीत श्रीवास्तव, आशुतोष श्रीवास्तव, बलराज सिंह, सोनू सिंह, मृत्युंजय श्रीवास्तव, दिवाकर श्रीवास्तव, एडवोकेट प्रभाकर श्रीवास्तव, डॉ. मिश्रा, आलोक श्रीवास्तव, सी.बी. सिंह, अखिलेश सिंह, मंगला यादव, रामजतन पाल, शिवजतन पाल, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी रजनीश श्रीवास्तव, डॉ. सतीश श्रीवास्तव, विशाल श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके साथ ही महिला मंडल की नीलम श्रीवास्तव रंजना श्रीवास्तव, बिना, विभा, बबीता, संगीता, पूनम श्रीवास्तव, रीता, सोनल सिंह सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। भंडारे का संचालन अखिल भारतीय चित्रांश महासभा के जिलाध्यक्ष रतन श्रीवास्तव एवं भक्तजनों के सहयोग से किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

खास समाचार

## प्रशासन की मिलीभगत से चल रहा अवैध खनन खेल!

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद (हरदोई) जनपद के शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के नया गांव में अवैध खनन का खेल खुलेआम जारी है। आरोप है कि खनन विभाग और पुलिस और तहसील प्रशासन की मिलीभगत से खनन माफिया दिनदहाड़े बेखौफ होकर जेसीबी मशीनों से खेतों का सीना चीर रहे हैं, जबकि जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक, क्षेत्र में मानकों को ताक पर रखकर गहरे गड्ढे किए जा रहे हैं, जिससे उपजाऊ खेत खाई में तब्दील होते जा रहे हैं। इन गड्ढों के कारण कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। इसके साथ ही अवैध खनन से पर्यावरण को भी भारी नुकसान पहुंच रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि दिन-रात डंपर और ट्रैक्टर-ट्रालियों की आवाजाही से गांव की सड़कों की हालत बद से बदतर हो गई है। धूल और शोर से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है, लेकिन शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही। सबसे गंभीर आरोप यह है कि खनन अधिकारी और स्थानीय पुलिस की मिलीभगत के चलते यह अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। सत्ता की हनक और सुविधाशुल्क के लोभ के आगे स्थानीय प्रशासन पूरी तरह बेबस नजर आ रहा है, जिससे माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों और खनन माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर मामले में क्या कदम उठाते हैं या फिर यह खेल यूं ही चलता रहेगा।

## मौसम खराब खरीद केन्द्रो पर सन्नाटा

अमन लेखनी समाचार

माधौगंज। हरदोई गेहूं की फसल बिक्री के लिए सरकारी खरीद क्रय केंद्र खोले गए है। मौसम खराब होने के कारण अभी केन्द्रो पर सन्नाटा है। किसानों की गेहूं की उपज को बेहतर दाम दिलाने के लिए सरकार ने 9 सरकारी क्रय केंद्र मंडी समिति में खोले गए है वही ग्रामीण क्षेत्र में राघौपुर, रुदामऊ, भिठाई में साधन सहकारी समिति के क्रय केंद्र खोले गए है। आर एफ सी प्रभारी दिनेश सिंह ने बताया कि सरकारी दर 2585 रुपए प्रति कुंतल है। मंडी में मार्केटिंग के पांच, पीसीएफ दो, राजकीय कृषि मंडी का एक, एफ सी आई एक क्रय केंद्र खोले गए है। अभी केन्द्रो सन्नाटा है प्रभारी ने बताया कि मानक पूर्ण होने पर किसान के गेहूं की खरीद की जा रही है। किसान गेहूं बेचने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराने के बाद आए मंडी में नए व पुराने गेहूं का रेट 2225 रुपए प्रति कुंतल है। इस मौके पर निरंकार, हरिश्चन्द्र, योगेश कुमार, आदि लोग मौजूद रहे। कृषि उत्पादन मंडी समिति में सड़क, नाली, पुलिया की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है जिसके कारण मलवा मुख्य मार्ग पर जमा है जिसके चलते ट्रैक्टर ट्राली वहां नहीं पहुंच पाएंगे हालांकि अभी किसान की आवक कम होने के कारण मंडी में भीड़ कम है

## सोशल मीडिया में देवताओं के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी में एक युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

कछौना- हरदोई। हिन्दू देवी देवताओं के विरुद्ध सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में कछौना पुलिस ने कड़ा एक्शन लिया है। लोगो की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली इस पोस्ट के वायरल होने पर स्थानीय पुलिस ने सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। स्थानीय ग्राम पकरिया ऊसर निवासी राजकुमार पुत्र गुरुबख्श ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हिन्दू देवी देवताओं के विरुद्ध ओछी व अभद्र टिप्पणियों के साथ एक पोस्ट वायरल कर दी। इस पोस्ट को जब लोगो ने देखा तो समाज मे तनाव बढ़ने लगा। आक्रोशित लोगों ने इस पर कड़ा विरोध जताया। प्रकरण की भनक लगते ही स्थानीय पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया। इसके बाद युवक राजकुमार के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया। इस मामले में तत्परता दिखाते हुए बीट प्रभारी एसआई रामचंद्र शर्मा व सिपाही बंटी कुमार ने युवक को गिरफ्तार कर लिया।

# गाजे-बाजे के साथ निकाली साईं शोभा पालकी

अमन लेखनी समाचार

मल्लावां (हरदोई) कस्बे के श्यामपुर में साईं मंदिर के 17 वें वर्ष के स्थापना दिवस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में साईं भक्तों द्वारा धूमधाम से साईं पालकी को सजाकर शोभा यात्रा निकाली गई। गुरुवार को साईं नाथ का मंगल स्नान कराने के पश्चात विधि-विधान पूर्वक सामूहिक हवन का कार्यक्रम मंदिर के पुजारी आचार्य विकास तिवारी ने मुख्य यजमान मंदिर के संस्थापक महेश सिंह एवं मीनू सिंह अर्कवंशी दिल्ली के द्वारा संपन्न कराया। इसके पश्चात साईं बाबा की पालकी को सजाकर धूमधाम से शोभा यात्रा भक्तों द्वारा निकाली गई जिसका शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश पाठक, कोषाध्यक्ष प्रकाश चंद्र गुप्ता एवं समाजसेवी विशाल जायसवाल ने किया। पालकी शोभायात्रा में हजारों की संख्या में महिलाएं पुरुष एवं बच्चे फूल वर्षा एवं गुलाल उड़ाते हुए डीजे द्वारा बज रहे भजनों पर थिरकते एवं भजन गाते हुए चल रहे थे। भजनों में शिरडी वाले साईं बाबा आया है तेरे दर पर सवाली, शिरडी में उड़े रे गुलाल बाबा का जवाब नहीं, साईं नाथ तेरे हजारों हाथ आदि भजनों से पूरे नगर में भक्ति का माहौल छा गया। शोभायात्रा में महेश गुप्ता श्यामपुर, विजय त्रिपाठी बंदीपुर एवं, विपिन सोनी गौरव सोनी बड़ी बाजार, चौराहा पर समाजसेवी विशाल जायसवाल एवं रागिनी जायसवाल, छोटू पाल, आशीष गुप्ता, सत्यसील पांडे, सपा नेता बृजेश कुमार वर्मा उर्फ टिल्लू भैया आदि कई भक्तों ने बाबा का पूजन अर्चन एवं प्रसाद वितरण किया गया। शोभा यात्रा के पुनः मंदिर प्रांगण पहुंचने पर कन्या भोज के उपरांत भंडारे का आयोजन संपन्न किया गया जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर अपना जीवन धन्य बनाया। पालकी शोभा यात्रा को सफल बनाने में महेश सिंह अर्कवंशी, मीनू सिंह अर्कवंशी, मंदिर के व्यवस्थापक गौरव सोनी एवं सियाराम अर्कवंशी, रामकिशन, अनिल अर्कवंशी, विपिन सोनी, सत्य शील पांडे, महेश गुप्ता, धीरज सोनी, मनीष वर्मा, आकाश ओमर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी : पुलिस को सूचना दिए बिना ही परिजनों ने किया अंतिम संस्कार

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद (हरदोई)। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जोगीपुर नौसारा में शनिवार की रात एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्राप्त समाचार के अनुसार, मृतक विजेंदर पुत्र साधु, जो दिल्ली में रहकर कार्य करता था, उसने शनिवार 29 मार्च की रात्रि अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया, लेकिन परिजनों ने कानूनी प्रक्रिया अपनाने के बजाय एक चौंकाने वाला कदम उठाया। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि मृतक के भाई राम प्रकाश ने मामले की जानकारी पुलिस को देना मुनासिब नहीं समझा और कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए रातों-रात शव का अंतिम संस्कार कर उसे ठिकाने लगा दिया। सुबह जब मोहल्ले के लोगों को इस बात की भनक लगी, तो क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं।

# अनपरा-शक्तिनगर पुलिस द्वारा लूट कांड का खुलासा मुठभेड़ में 2 घायल समेत 5 आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र, दिनांक 02 अप्रैल 2026 जनपद सोनभद्र में अनपरा व शक्तिनगर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने एसओजी के सहयोग से लूट की एक बड़ी घटना का सफल अनावरण करते हुए 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस मुठभेड़ के दौरान 2 बदमाश गोली लगने से घायल हो गए, जबकि मौके से अवैध असलहे, लूटा गया माल और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिलें भी बरामद की गईं। थाना अनपरा क्षेत्र में 27 मार्च 2026 को भारत फाइनेंस कम्पनी के कलेक्शन एजेंट से चार अज्ञात बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया था। बदमाश दो मोटरसाइकिलों पर सवार थे और उन्होंने 63,000 नकद, टैबलेट, बायोमेट्रिक मशीन, मोबाइल फोन, कलेक्शन डायरी व अन्य जरूरी दस्तावेजों से भरा बैग लूट लिया था। घटना के संबंध में थाना अनपरा पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान साक्ष्यों के आधार पर धाराओं में संशोधन करते हुए मामले को आगे बढ़ाया गया। 01 अप्रैल 2026 की रात करीब 10 बजे पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि संदिग्ध बदमाश मिचार्धुरी की ओर से अनपरा की तरफ आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने कुबरी पहाड़ी के पास घेराबंदी की। खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस पर जानलेवा फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में नियंत्रित फायरिंग की, जिसमें दो बदमाश– संजय यादव (22 वर्ष) पंकज श्रीवास्तव (28 वर्ष) के पैर में गोली लगी और वे घायल हो गए। मौके से ही दो अन्य अभियुक्त धीरज यादव हरिओम जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में पूछताछ के आधार पर साजिशकर्ता चन्द्रेश यादव को भी गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि पूरी लूट की साजिश चन्द्रेश यादव ने रची थी, जो पहले भारत फाइनेंस कम्पनी में काम कर चुका था। उसे यह जानकारी थी कि शुक्रवार को कलेक्शन होता है, जिसका फायदा उठाकर योजना बनाई गई।

यह भी सामने आया कि गिरफ्तार अभियुक्त धीरज यादव पीजी कॉलेज ओबरा में छात्रसंघ महामंत्री रह चुका है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से–

02 अवैध तमंचे 02 जिंदा कारतूस व 02 खोखा कारतूस 28,500 नकद 01 बायोमेट्रिक मशीन

01 टैबलेट 03 मोबाइल फोन कलेक्शन डायरी व अन्य दस्तावेज 02 मोटरसाइकिल बरामद किए हैं। मुठभेड़ में घायल दोनों अभियुक्तों को पहले डिबुलगंज अस्पताल भेजा गया, जहां से उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। वर्तमान में दोनों का इलाज चल रहा है।

# जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने सुनी आमजन की समस्याएं, त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई/जनता दर्शन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण तत्परता के साथ सुना गया। कार्यक्रम के दौरान राजस्व प्रकरणों एवं अन्य पुलिस संबंधी मामलों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रकरण का स्वयं संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट निर्देश प्रदान किए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण एवं तथ्यपरक जांच की जाए तथा पीड़ितों को की गई कार्यवाही से समय पर अवगत कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही, विलंब या उत्पीड़न पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई। जिन मामलों में त्वरित हस्तक्षेप आवश्यक है, उनमें तत्काल विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई कार्यक्रम पुलिस और जनता के मध्य विश्वास, संवाद एवं पारदर्शिता को सुदृढ़ करने का प्रभावी माध्यम है। आमजन की समस्याओं का त्वरित, निष्पक्ष एवं संतोषजनक समाधान ही पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# हरियाणा रा0 आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप में गीता निकेतन आवासीय विद्यालय के दो छात्रों का कमाल

## रणवीर सिंह सूदन व अनंतवीर सिंह सूदन ने जीता द्वितीय स्थान

अमन लेखनी समाचार

कुरुक्षेत्र। हरियाणा राज्य आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप 2026 में गीता निकेतन आवासीय विद्यालय के दो होनहार छात्रों रणवीर सिंह सूदन और अनंतवीर सिंह सूदन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से स्कूल और पूरे इलाके में गर्व और खुशी का माहौल है। यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 29 मार्च 2026 को नेता जी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में आयोजित की गई थी, जिसमें हरियाणा के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त मुकाबले देखने को मिले। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपनी ताकत, तकनीक और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया प्रतियोगिता में रणवीर सिंह सूदन ने 90 किलोग्राम भार वर्ग में जोरदार मुकाबले खेलते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि अनंतवीर सिंह सूदन ने भी अपनी मजबूत पकड़ और बेहतरीन तकनीक के दम पर 60 किलोग्राम भार वर्ग में दूसरा स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता हरियाणा आर्मरेसलिंग एसोसिएशन द्वारा पीपुल्स आर्मरेसलिंग फेडरेशन इंडिया के तत्वावधान में आयोजित की गई मीडिया से बातचीत करते हुए दोनों खिलाड़ियों ने बताया कि इस मुकाम तक पहुंचने में उनके पिता नवनीत सिंह सूदन का विशेष योगदान रहा है, जिन्होंने संघर्ष के साथ हर कदम पर उनका हौसला बढ़ाया और हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता-पिता को दिया। वहीं उनके दादा चांद किरण सूदन ने भी प्रतियोगिता से पहले उन्हें अपने आशीर्वाद से नवाजा जिससे उनका आत्मविश्वास और भी मजबूत हुआ। दोनों खिलाड़ी गीता निकेतन आवासीय विद्यालय के छात्र हैं। विद्यालय के प्राचार्य ने दोनों खिलाड़ियों को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह स्कूल के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने बताया कि रणवीर सिंह सूदन और अनंतवीर सिंह सूदन पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और पढ़ाई में भी हर बार अच्छे अंक प्राप्त करते हैं। ऐसे विद्यार्थी विद्यालय के लिए प्रेरणा का स्रोत होते हैं। वहीं दोनों खिलाड़ियों के कोच टोनी शर्मा ने भी उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि इन बच्चों ने दिन-रात मेहनत कर यह मुकाम हासिल किया है। कोच ने बताया कि दोनों खिलाड़ी बेहद अनुशासित हैं और खेल के प्रति उनका जुनून ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इन खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर और उससे भी ऊंचे मंच पर खेलने के लिए तैयार किया जाएगा। इस अवसर पर रणवीर सिंह सूदन और अनंतवीर सिंह सूदन ने अपने जूनियर खिलाड़ियों को भी प्रेरित करते हुए कहा कि आर्मरेसलिंग में सफलता पाने के लिए नियमित अभ्यास, मजबूत पकड़, सही तकनीक, अनुशासन और आत्मविश्वास बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी को हार से घबराना नहीं चाहिए बल्कि उससे सीख लेकर और अधिक मेहनत करनी चाहिए। लगातार अभ्यास और मजबूत इरादों से ही खिलाड़ी जीत की ऊंचाइयों तक पहुंच सकता है। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से पूरे परिवार, विद्यालय और उनके मित्रों में खुशी और उत्साह का माहौल है।

# नगर पंचायत चोपन के कर्मचारी मनोज शुक्ला हुए सेवानिवृत्ति, विदाई समारोह हुआ आयोजित

अमन लेखनी समाचार



चोपन। नगर पंचायत चोपन में लंबे समय तक अपनी सेवाएं प्रदान करने वाले लाइनमैन मनोज शुक्ला बुधवार से सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर नगर पंचायत कार्यालय परिसर में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली, अधिशाषी अधिकारी अखिलेश सिंह, सभासदगण, नगर पंचायत के ठेकेदार, गणमान्य नागरिक एवं समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने श्री शुक्ला के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके समर्पण, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा की। वक्ताओं ने कहा कि मनोज शुक्ला ने अपने सेवा काल में नगर पंचायत की विद्युत व्यवस्था और सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने हर परिस्थिति में जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए अपने कार्य को प्राथमिकता दी, जो अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्रोत है। इस दौरान सहकर्मियों एवं अधिकारियों ने उनके साथ बिताए गए यादगार पलों को साझा किया और उनके उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। समारोह के अंत में श्री शुक्ला को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जेई अखिलेश चतुर्वेदी, सभासद दिव्य विकास सिंह, रामपरीखा विश्वकर्मा, राजन जायसवाल, घनश्याम चौधरी, राजेश अग्रहरि, विनीत जाटव, नीरज जायसवाल, नागेंद्र यादव, सुशील साहनी, सलीम कुरैशी, नरेश यादव, जीतू सिंह, अमित सिंह, रजनीकांत सिंह, रणजीत सिंह, राजू शर्मा, सत्य प्रकाश तिवारी, विकास चौबे, मनीष तिवारी, अभिषेक दुबे, विवेक यादव, मंसूर आलम, बंटी सिंह, ओम प्रकाश, लिपिक अंकित पांडेय सहित नगर पंचायत के कर्मचारीगण का उपस्थित रहे।

# थाना मऊ पुलिस टीम ने जमीन की रजिस्ट्री में धोखाधड़ी के 03 आरोपी किए गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी मऊ फहद अली के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मऊ श्रीप्रकाश यादव के मार्गदर्शन में अपराध निरीक्षक अंजनी कुमार सिंह एवं उनकी टीम द्वारा मु0अ0सं0 379/2025 धारा 318(4),319(2), 338,336(2),340 भादवि0 के वांछित अभियुक्त 1.पवन चौधरी उम्र करीब 31 वर्ष पुत्र कैलाश चौधरी निवासी ग्राम सुरवल सैनी थाना शंकरगढ़ जनपद प्रयागराज स्थायी पता ग्राम कमड़ाडीह थाना सलखुवा जिला सहसा बिहार 2. बाबूलाल उर्फ दरोगा पुत्र किन्नालाल निवासी ग्राम गीज जारी थाना बारा जनपद प्रयागराज 3.माला पत्नी मेवालाल निवासी ग्राम सुरवल सैनी थाना शंकरगढ़ जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



बच्चो, तुमने अक्सर अपने से बड़ों को यह कहते हुए सुना होगा-एक तंदुरुस्ती हजार नियामत। यह सिर्फ कहावत नहीं है, अच्छी लाइफ जीने का सीक्रेट भी है। अच्छी लाइफ जीने के लिए हेल्दी होना बहुत जरूरी है। तभी तुम अच्छी तरह से अपनी पढ़ाई कर सकोगे, खूब खेल सकोगे और बार-बार बीमार भी नहीं पड़ोगे। इसके लिए तुमको यहां बताई जा रही कुछ गुड हैबिट्स से दोस्ती करनी होगी।

# गुड हैबिट्स से करो दोस्ती
# हमेशा रहोगे हेल्दी-एनर्जेटिक

अवेयरनेस
रजनी अरोड़ा

बच्चो, तुम यह तो जानते ही होगे कि हर वर्ष 7 अप्रैल को वर्ल्ड हेल्थ-डे मनाया जाता है। पर क्या तुम यह जानते हो कि इसे क्यों मनाया जाता है? दरअसल, यह इसलिए मनाया जाता है ताकि दुनिया भर के लोग अपनी हेल्थ को लेकर अवेयर रहें। इसके लिए गुड हैबिट्स को अपनाएं और बैड हैबिट्स से दूर रहें। तुम भी यहां बताई जा रही बातों को फॉलो कर हमेशा हेल्दी और एनर्जेटिक रह सकते हो।



**अपनाओ हेल्दी रूटीन:** अच्छी हेल्थ के लिए हेल्दी रूटीन अपनाना बहुत जरूरी है। कोशिश करो कि रोज रात में 10 से 10.30 बजे तक सो जाओ और सुबह 6-6.30 बजे तक उठो। 7-8 घंटे की अच्छी नींद शरीर और दिमाग दोनों के लिए जरूरी होती है। इससे तुम पूरे दिन एक्टिव, फ्रेश और एनर्जेटिक फील करोगे। अगर नींद पूरी नहीं होगी, तो पढ़ाई में मन नहीं लगेगा, सुस्त महसूस करोगे और शरीर भी थका-थका लगेगा। अच्छी नींद के लिए सोने से लगभग एक घंटा पहले मोबाइल, टीवी या कंप्यूटर देखना बंद कर दो, क्योंकि स्क्रीन की रोशनी नींद में रुकावट डालती है।

सुबह उठकर 5-10 मिनट ताजी हवा और हल्की धूप में टहलना, स्ट्रेचिंग या माइंडफुल डीप ब्रीदिंग करना भी बहुत फायदेमंद है। इससे तुमको स्वच्छ ऑक्सीजन और विटामिन-डी मिलेगा।

**पर्सनल हाइजीन का रखो ध्यान:** रोज नहाना, साफ ड्रेस पहनना और शरीर को साफ रखना हेल्दी रहने के लिए बहुत जरूरी है। साबुन से नहाने से शरीर पर जमा धूल, पसीना और कीटाणु साफ हो जाते हैं। गर्मियों में पसीना ज्यादा आता है, इसलिए जरूरत हो तो गर्मी के दिनों दिन में दो बार भी नहा सकते हो। हफ्ते में 2 बार अच्छे से बाल धोना जरूरी है, ताकि गंदगी और पसीने से होने वाले फंगल इंफेक्शन से बचा जा सके।

**रेग्युलर करो हैंडवॉश:** तुम्हें अपने हाथ नियमित रूप से, खासकर खाना खाने से पहले धोने की आदत जरूर डालनी चाहिए। ऐसा न करने से हाथ में छुपे बैक्टीरिया खाने के साथ मुंह से शरीर में जा सकते हैं और तुमको बीमार कर सकते हैं। छींक-खांसी आने पर नाक-मुंह साफ करने के बाद, ट्वॉयलट के बाद, बाहर से आने के बाद हाथों को 40 सेकेंड के लिए साबुन लगाकर जरूर साफ करो और साफ तौलिए से पोछो। इससे हाथों के कीटाणु शरीर में नहीं जाते और बीमारियों से बचाव होता है।



**ओरल हाइजीन है जरूरी:** ब्रश और माउथवॉश से दांतों की क्लीनिंग, तुम्हारी डेंटल हाइजीन रूटीन का हिस्सा होना चाहिए। डेंटिस्ट भी दांतों की सफाई के लिए 2-2-2 का फार्मूला फॉलो करने के लिए कहते हैं। यानी दिन में 2 बार कम से कम 2 मिनट तक ब्रश करो और साल में 2 बार अपने दांत डेंटिस्ट से जरूर चेक कराओ। कुछ भी खाने के बाद गार्गल जरूर करो। इससे मुंह साफ रहेगा और तुम्हारे दांत खराब नहीं होंगे। रात को सोने से पहले ब्रश जरूर करो।

**हॉबीज को दो टाइम:** जहां तक हो सके इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर कार्टून फिल्म या गेम्स खेलने से दूर रहो। कभी-कभी खेल सकते हो।



इसके बजाय मेंटल शार्पनेस बढ़ाने वाले पजल गेम्स खेलना फायदेमंद है। अपनी रुचि के हिसाब से तुम पेंटिंग, क्राफ्ट, डांस-म्यूजिक, इंस्ट्रूमेंट प्लेइंग जैसी एक्टिविटीज की लर्निंग-क्लासेज जॉइन कर सकते हो। इससे तुम्हारी क्रिएटिविटी तो बढ़ेगी ही तुम हेल्दी और एक्टिव भी रहोगे।

**आंखों का रखो ध्यान:** आंखें हमारे शरीर का बेहद महत्वपूर्ण अंग है, इसलिए तुम्हें अपनी आंखों का पूरा ध्यान रखना चाहिए। लापरवाही, गलत आदतों और समुचित देखभाल के अभाव में आई साइट कमजोर हो सकती है। कंप्यूटर, मोबाइल या टीवी की स्क्रीन की ब्राइटनेस और कंट्रास्ट को एडजेस्ट करो, लंबे समय तक कंप्यूटर या टीवी न देखो। बीच-बीच में आंखों को रिलैक्स करो।

पढ़ने के लिए लाइट की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। पढ़ते वक्त टेबल पर रखी बुक से आंखें 20 इंच या दो हाथ की दूरी होनी चाहिए। लगातार पढ़ने के बजाय 20 मिनट के बाद 20 सेकेंड का ब्रेक जरूर लो। इस ब्रेक में तुम आंखें बंद कर बैठो या आंखों के व्यायाम करो।

**खेलो आउटडोर गेम्स:** शाम को दोस्तों के संग कम-से-कम एक घंटा आउटडोर गेम्स खेलो। इन गेम्स से तुम फिजिकली स्ट्रांग तो बनोगे ही, इससे स्ट्रेस रिलीज होने के बाद स्टडी पर कंसंट्रेट भी कर पाओगे। तुम्हारा कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। *

## रेग्युलर खाओ हेल्दी डाइट



**हेल्दी रहने** के लिए समय पर खाना बहुत जरूरी है। नाश्ता कभी मत छोड़ो, क्योंकि यही तुम्हें सुबह की ऊर्जा देता है। डिनर हमेशा सोने से 2-3 घंटे पहले कर लो ताकि खाना आसानी से पच सके। जल्दबाजी में या टीवी देखते हुए मत खाओ। खाना हमेशा चबा-चबाकर खाना चाहिए। इससे डाइजेशन संबंधी कोई समस्या नहीं होगी। दिन में 3 बड़े मील्स की बजाय 5-6 छोटे हेल्दी मील लेना ज्यादा अच्छा होता है। हेल्दी और फिट रहने के लिए रोजाना न्यूट्रीशन से भरपूर बैलेंस डाइट ही खाओ। कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिंस, फैट और कैल्शियम का प्रॉपर बैलेंस तुम्हारी डाइट में होना चाहिए। जंक या फास्ट फूड ज्यादा खाने से परहेज करो, यह बहुत नुकसानदायक होता है।

# अब तो चश्मा लगेगा


निम्मी को आंखों में तकलीफ हुई तो डॉक्टर ने कहा, मोबाइल ज्यादा देखने की वजह से उसकी आंखें कमजोर हो गई हैं, अब उसे चश्मा पहनना पड़ेगा। निम्मी यह सोचकर रुआंसी हो गई कि अब उसके फ्रेंड्स उसे चश्मिश कहेंगे। तो क्या सचमुच निम्मी की आंखों में चश्मा चढ़ गया?



छोटी कहानी
सिराज अहमद

निम्मी की आंखें आज जरा सुर्ख थीं। पहले तो उसने गौर नहीं किया, लेकिन जब उसे आंखों में किरकिरी और चुभन महसूस होने लगी, तो वह दौड़ी-दौड़ी मम्मी के पास पहुंची, बोली, 'मेरी आंखें लाल हो रही है। चुभन भी बहुत हो रही है।'

मम्मी ने ध्यान से देखा, बाईं आंख कुछ ज्यादा ही लाल थी। वह बिना देर किए निम्मी को घर के पास के आई क्लिनिक में ले गईं।



डॉक्टर साहब ने अपना चश्मा उतारकर निम्मी को देखा और भारी आवाज में पूछा, 'बेटा, क्या तुम मोबाइल बहुत देखती हो?' निम्मी एकदम खामोश हो गई। मम्मी ने उसकी ओर तिरछी नजरों से देखा और शिकायत भरे लहजे में बोलीं, 'बिल्कुल देखती है डॉक्टर साहब! मना करने पर तो जैसे इसके कान बंद हो जाते हैं।'

आंखों की कुछ जांच करने के बाद डॉक्टर साहब गंभीर होकर बोले, 'हूं, अब तो चश्मा लगाना पड़ेगा, वरना आंखें और भी कमजोर हो जाएंगी।'

'चश्मा, यह शब्द सुनते ही निम्मी के सब्र का बांध टूट गया। उसकी आंखों से आंसू टपकने लगे। उसने सोचा, 'अब मेरे फ्रेंड्स तो मुझे चश्मिश कहकर चिढ़ाएंगे..! मैं कितनी बुरी लगूंगी!'

निम्मी को रोता देखकर मम्मी और डॉक्टर साहब, दोनों को बात समझ आ गई कि वह चश्मा नहीं लगवाना चाहती है। मम्मी ने उसे पुचकार कर चुप कराया।

तभी डॉक्टर साहब अचानक खिलखिलाकर हंस पड़े और बोले, 'अरे अरे निम्मी, मत रो! अभी चश्मा नहीं लगेगा। यह तो बस मामूली इंफेक्शन है, जो दवाई से ठीक हो जाएगा। लेकिन याद रखना, अगर मोबाइल देखना नहीं छोड़ा, तो जल्द ही आंखों पर चश्मा चढ़ जाएगा।'

यह सुनकर निम्मी की जान में जान आई। उसने फौरन अपनी सजल आंखों से मम्मी और डॉक्टर साहब की तरफ देखा और वादा किया कि वह अब मोबाइल से तौबा कर लेगी। सब कुछ ठीक ही था कि तभी उसे कुछ याद आया, वह दोबारा रोने लगी। मम्मी ने हैरान होकर पूछा, 'अब क्या हुआ निम्मी?' बड़ी मासूमियत से मुंह बिगाड़कर वह बोली, 'पर मैं वो कड़वी दवाइयां कैसे खाऊंगी?'

निम्मी की यह मासूम बात सुनते ही डॉक्टर और मम्मी, दोनों ठहाके मारकर हंस पड़े। डॉक्टर साहब ने हंसते हुए निम्मी के सिर पर हाथ फेरा और बोले, 'अरे बिटिया, आंख के इंफेक्शन के लिए कड़वी गोलियां नहीं, बल्कि ठंडी-ठंडी आई-ड्रॉप्स डालनी होती हैं। बस दो बूंद डालोगी, आंखों को तुरंत आराम मिलेगा।'

निम्मी के चेहरे पर मुस्कान तैर गई। उसे खुश देखकर मम्मी को भी तसल्ली हुई। *

कविता / सृष्टि पांडेय

## तन स्वस्थ रखो

रोज सुबह व्यायाम करो,
आसन, प्राणायाम करो।
मन को अपने मस्त रखो,
करो योग, तन स्वस्थ रखो।
सब रोगों की सहज दवा,
ताजी ठंडी शुद्ध हवा।
दूर रहेगी बीमारी,
योग सभी पर है भारी।



## बूझो तो जानें

1. वजन उठाते बारी-बारी
पड़ते कभी न सुस्त।
हो निरोग देह तो ये भी
रहते हैं तंदरुस्त।।

2. बोझ बदन का ढोया करते
मन-ही-मन मुसकाते।
जीवन एक नाम चलने का
हमको हैं समझाते।।

3. शुद्ध अशुद्ध रक्त है इसमें
हर पल रहे धड़कता।
इसकी धड़कन के कारण ही
जीवन आगे बढ़ता।।

-डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर: 1.हाथ, 2.पैर, 3.हृदय

## जीके क्विज-199

1. आइपीएल के इतिहास की सबसे महंगी टीम कौन बन गई है?
2. खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 का आयोजन किस राज्य में किया जाएगा?
3. विश्व धरोहर दिवस कब मनाया जाता है?
4. उत्तराखंड की राजधानी कहां है?
5. आगरा शहर की स्थापना किसने की थी?
6. जालियांवाला बाग किस राज्य में स्थित है?
7. कौन-से दो विटामिन जल में घुलनशील होते हैं?
8. भारत में मीठे पानी की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
9. ब्लू सिटी के नाम से भारत के किस शहर को जाना जाता है?
10. रेडक्लिफ रेखा किन दो देशों के बीच सीमा बनाती है?



**बच्चो, जीके क्विज-199 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे।**

**जीके क्विज-198 का उत्तर:** 1. फिनलैंड, 2. ममता कालिया, 3. 7 अप्रैल, 4. बालेंद्र शाह, 5. महावीर, 6. आईएनएस अंजदीप, 7. असम, 8. जॉर्ज वॉशिंगटन, 9. 32, 10. रूस


**जीके क्विज-198 का सही उत्तर देने वाले:** रमाकांत-बिलासपुर, कबीर-हिसार, दिव्यांश-दुर्ग, अनुभव-राजनांदगांव, अनहद-बिलासपुर, रमेश-बैकुंठपुर, कविता-रायपुर, कुसुम-दुर्ग, तनिष्क-रोहतक, कोमल-बिलासपुर, संचित-बलौदा बाजार



कहानी
शोभना श्याम

निखुरी गिलहरी बहुत आलसी थी, उसे जो उल्टा-सीधा खाने को मिल जाता खा लेती, जबकि उसकी बहन चिखुरी मेहनत से स्वच्छ, पौष्टिक भोजन खोजकर खाती। वह निखुरी को गलत भोजन करने से रोकती, लेकिन वह एक ना सुनती। एक दिन निखुरी की तबियत बुरी तरह बिगड़ गई, यह उसके लिए बहुत बड़ा सबक बना।

# चिखुरी और निखुरी



शहर के एक मोहल्ले में एक छोटा-सा पार्क है। कभी यह पार्क हरियाली से भरा रहता था। अब यहां हरियाली के नाम पर इकलौता सूखा-सा पीपल का पेड़ और टूट कर गिरा हुआ एक नीम का पेड़ है। यहां दो गिलहरी बहनें रहती हैं-चिखुरी और निखुरी। जहां चिखुरी खूब चुस्त और मेहनती है, वहीं निखुरी आलसी और कामचोर है।

चिखुरी प्रतिदिन सुबह उठते ही पार्क से बाहर निकल जाती थी। उसने पार्क के आस-पास ही लगे तरह-तरह के फलों और सब्जियों के पेड़ भी खोज रखे थे। उसका जिस दिन जो भी खाने का मन होता, वहीं जाती और छक कर खाती। कुछ फल-सब्जियां या बीज लाकर अपने घर में रख लेती थी। अमरूद, जामुन, मटर, फलियां, खरबूजे और अन्य फल, सब्जियों के बीज, बढ़िया-बढ़िया खाना खाने और दौड़-भाग करने के कारण चिखुरी की सेहत खूब अच्छी हो गई थी। फुर्तीली तो इतनी थी कि लोगों के सामने ही उनके पेड़ों से फल, सब्जी या फलियां तोड़ लेती और लंबी-लंबी छलांगें मारती निकल जाती, फिर दूर जाकर कभी छीलकर तो कभी कुतर-कुतर कर ऐसे मजे लेकर खाती जैसे उन्हें चिढ़ा रही हो।

उधर निखुरी को जो कुछ पार्क में मिलता, उसी को खाकर आराम करती रहती। एक बार चिखुरी ने निखुरी से कुछ अच्छा खाने के लिए अपने साथ पार्क से बाहर चलने के लिए कहा तो वह जम्हाई लेते हुए बोली, 'मुझे तो यहीं पार्क में गुजारे लायक खाने को मिल ही जाता है, तो दूर जाने की क्या जरूरत है? वो देख पार्क के कोने में जो टूटा हुआ चबूतरा है ना, उस पर लोग कितना कुछ खाने को रख जाते हैं। जब तू खाने के लिए बाहर भटकती है, तब मैं मजे से चबूतरे पर पड़ी तरह-तरह की चटपटी चीजें खाती हूं, वो भी बिना मेहनत किए।'

'हे भगवान तू वो वाला खाना खाती है! तुझे कुछ पता भी है, वह खाना हमारे स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है। एक तो वह इंसानों के घरों का बचा हुआ बासी और खराब खाना होता है। अगर खराब न भी हो तो भी इंसान हम से बिल्कुल अलग हैं, उनका खान-पान भी हमसे बहुत अलग है। इंसान ज्यादातर खाना पकाकर खाते हैं, उसमें घी, तेल, नमक, मसाले, चीनी डालते हैं। हमें कुदरत ने हमारे हिसाब से प्राकृतिक चीजें मतलब फल, सब्जी, बीज और मेवे आदि खाने के लिए दिए हैं। हमें बस इन्हें ढूंढ़ कर खाना होता है। जिसे तू बाहर भटकना कहती है, वह मेहनत है, जो शरीर और मन दोनों की सेहत और ताकत के लिए जरूरी है।' निखुरी पर चिखुरी की बात का कोई असर न हुआ, वह बड़ी लापरवाही से बोली, 'यह सब बेकार की बातें हैं। ताकत तो खाने-पीने से आती है। वह बैठे-बैठे मिल जाए तो इससे बढ़िया बात क्या?'

'तुझे तो कुछ भी समझाना बेकार है।' यह कहकर चिखुरी फुदकती हुई पार्क से बाहर निकल गई। निखुरी चबूतरे की तरफ खाना खाने चली गई।

निखुरी दिन पर दिन और आलसी होती जा रही थी। ऊपर से देखने में तो वह चिखुरी से मोटी दिखती थी, लेकिन अंदर ही अंदर बहुत कमजोर हो गई थी। एक दिन चिखुरी जब खाना लेकर लौटी तो उसने देखा कि निखुरी टूटे हुए पेड़ के नीचे पड़ी पेट पकड़कर कराह रही है। उसे उल्टियां भी हो रही थीं। चिखुरी के पूछने पर उसने बताया, 'पेट में भयानक दर्द हो रहा है, जी मिचला रहा है।' चिखुरी के यह पूछने पर कि उसने क्या खाया तो निखुरी ने चबूतरे पर बिखरे खाने की ओर इशारा कर दिया। चिखुरी ने तुरंत वहां जाकर सारी चीजों को उलट-पलट कर देखा। वहां कुछ पिज्जा और ब्रेड के टुकड़े पड़े थे। वापस आकर वह निखुरी पर नाराज हुई, 'मुझे जिस बात का डर था, आज वही हो गया। ब्रेड पर फफूंद लगी है, जो जहरीली होती है। पिज्जा में मैदा है, जो हम गिलहरियों के लिए क्या इंसान के लिए भी हानिकारक है। फिर भी कुछ जिद्दी बच्चे ये सब खाकर अपनी सेहत खराब कर लेते हैं। एक तो तू ये खराब खाना खाती है, दूसरे कोई मेहनत नहीं करती। अब भुगत, मैं क्या करूं?' निखुरी ने चिखुरी से विनती की, 'मेरी अच्छी बहन, इस बार मुझे बचा ले। मैं वादा करती हूं, आगे से मैं वही करूंगी जो तू कहेगी।' यह कहकर निखुरी जोर-जोर से रोने लगी। चिखुरी को दया आ गई, वह बोली, 'पार्क के बाहर पेड़ पर एक गिलहरी दादी रहती हैं, उनसे बात करते हुए मुझे कुछ बातें पता चली थीं, वही तू कर। सबसे पहले तो खूब सारा पानी पी ले।' यह सलाह देकर चिखुरी जाकर सूरजमुखी के बीज लाई। उन्हें छील कर साफ पानी से भरे गड्ढे में डाल दिया। इसके बाद उसने धूप से गर्म हुए पीपल के पत्ते निखुरी के पेट पर रख दिए फिर भाग कर सौंफ के पत्ते और नरम-नरम शहतूत ले आई और निखुरी से बोली, 'जब तक तबियत ठीक न हो जाए, तब तक पानी ही ज्यादा पीना और भूख लगे तो नरम-नरम फल ही खाना।' चिखुरी की फुर्ती और समझदारी देखकर निखुरी हैरान रह गई। उसने मन में ठान लिया, वह आगे से कभी भी चबूतरे पर पड़ा खाना नहीं खाएगी। चिखुरी की तरह मेहनत करेगी, स्वच्छ और पौष्टिक आहार लेगी।' *

कविता
पूर्ति वैभव खरे



## घर का खाना

भानु! भालू बड़ा शौकीन,
खाता रहता सारे दिन।
नहीं है घर का खाना खाता
फास्ट-फूड उसे है भाता।
एक दिन उसकी सेहत बिगड़ी,
फिर भी न खाई उसने खिचड़ी।
डॉक्टर अंकल घर पर आए,
भानु को फिर वे समझाए।
'खाते नहीं तुम घर का खाना,
होगा तुम्हें अस्पताल में जाना।
तुममें नहीं है बिल्कुल ताकत,
आई बड़ी है तुमपे आफत।
आंखों से तुम्हें कम दिखता,
पेट तुम्हारा गड़बड़ लगता।
कड़वी-तीखी दवाई मैं दूंगा,
इंजेक्शन भी तुम्हें लगाऊंगा।'
यह सुनकर भानु घबराया,
हाथ जोड़कर वह चिल्लाया।
'अब खाऊंगा घर का खाना,
मुझे नहीं अस्पताल में जाना।'
तब डॉक्टर भानु से बोले,
अच्छी सेहत के राज यूं खोले
घर का खाना सबसे उत्तम,
सेहत बढ़िया रहेगी हरदम।

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। लेकिन इन दोनों चित्रों में छह अंतर हैं। तुम पांच मिनट के अंदर इन दोनों चित्रों में छह अंतर ढूंढ़ कर बताओ।



उत्तर: 1.बच्चे के हाथ में एप्पल की बजाय चॉकलेट है। 2.बच्चे ने स्नीकर्स की जगह चप्पल पहनी हुई है। 3.टेबल पर पानी की बोतल की जगह कोल्ड ड्रिंक रखी है। 4.टिफिन बॉक्स का कलर और उसमें रखी फूड आइटम्स बदले हुए हैं। 5.आसमान में काले बादल छाए हुए हैं। 6.[illegible]

## वर्ग पहेली

बच्चो, दिए गए चित्र में तुम फ्रूट्स को पहचानो और खाली ब्लॉक्स में इनकी सही स्पेलिंग के लेटर्स लिखकर इन फ्रूट्स के नाम पूरे करो।




उत्तर: ऊपर से नीचे: WATERMELON, BANANA
बाएं से दाएं: APPLE, ORANGE, PINEAPPLE